
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



हैवान में साथ नजर आएंगे अक्षय और सैफ | रागिनी 3 की शूटिंग हुई शुरू

वर्ष : 12 | अंक : 203 | लखनऊ, 17 जुलाई, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### धारवाड़ में डॉक्टर की हत्या, बेटा घायल

**धारवाड़।** कर्नाटक के धारवाड़ में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 45 वर्षीय



एनेस्थेटिस्ट डॉक्टर किरण होन्नन्नावर की उनके फ्लैट में चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उनका 8 वर्षीय बेटा भी गंभीर है। पुलिस ने डॉक्टर की पत्नी डॉ. प्रिया को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस इसकी हर पहलू से जांच कर रही है।

### टीएमसी की 'कोयल' का सांसद पद से इस्तीफा

**कोलकाता।** बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद से ममता बेनर्जी का साथ छोड़ने वाले नेताओं की होड़



लगी है। पहले विधानसभा में तमाम विधायकों ने अलग गुट बनाया, फिर शुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बाहर हुए। फिर 20 सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी का दामन थाम लिया। अब राज्यसभा सांसद कोयल मलिक ने पद छोड़ दिया है।

### ट्रैक्टर से टकराई स्कूटी 5 लोगों की मौत

**भिलाई।** भिलाई में हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। खड़े ट्रैक्टर से एक स्कूटी टकरा गई। हादसे में एक



महिला, उसकी बहन और उनके 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा रायपुर से सटे कुम्हारी पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने बताया कि परिवार के 5 लोग स्कूटर से रायपुर अपने मामा के घर जा रहे थे।

### मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा में हंगामा, तोड़फोड़

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में कांवड़ियों ने बीच बाजार भारी उत्पात मचाया है। एक



गाड़ी पर कांवड़ियों का जत्था टूट पड़ा। गाड़ी टच हो जाने से कांवड़िए भड़क गए और उन्होंने बीच सड़क पर ही गाड़ी को बुरी तरह से तोड़ दिया, शीशे तोड़ डाले, गाड़ी पर लाठी डंडों से वार कर दिया। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं देखने को मिली हैं।

### डिलीवरी बॉयज ने ट्रैफिक रूल्स तोड़े तो सजा देंगे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में डिलीवरी बॉयज के लिए पुलिस ने नया नियम बनाया है। डिलीवरी एप्स के



लिए काम करने वाले वालों को अब ट्रैफिक रूल्स तोड़ने पर फाइन नहीं देना होगा। इसके बदले में इन्हें 4 घंटे का लेक्चर सुनना पड़ेगा, जिसमें इन्हें ट्रैफिक रूल्स से जुड़ीं बातों के बारे में बताया जाएगा। पुलिस का मानना है नियम तोड़ने की संभावना खत्म हो जाएगी।

---

### मानसून सत्र में परिसीमन विधेयक आने की चर्चा जोरों पर

यह भी कहा पार्टी में किसी तरह की टूट की आशंका नहीं

# सुले के बाद राउत ने भी दिए सरकार को समर्थन के संकेत-हम विचार करेंगे

## संसद में बिल आएगा या नहीं फिलहाल तय नहीं, बैठकर फैसला करेंगे



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

संसद का मानसून सत्र कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है और ऐसे में परिसीमन विधेयक पर चर्चा जोरों पर है। इस बीच शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि विपक्षी दल प्रस्तावित परिसीमन विधेयक का विरोध करेंगे लेकिन अगर सरकार उनके सुझाए गए संशोधनों को शामिल करती है तो वे साथ बैठकर इस पर विचार करेंगे। वे अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के विरोध में शिवसेना (यूबीटी) के राम रक्षा आंदोलन से पहले नागपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। खास बात यह है कि एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि अगर परिसीमन बिल सभी राज्यों में सीटों में एक समान 50 प्रतिशत बढ़ोतरी पर आधारित है तो इसके विरोध का कोई खास कारण नहीं होगा।

सरकार संशोधन करे तो हम भी तैयार

सुप्रिया ने कहा था 50% बढ़ोतरी पर विरोध नहीं होगा

#### शरद के बयान पर बढ़ी सियासी हलचल



संसद के मानसून सत्र में लोकसभा परिसीमन बिल को समर्थन देने के संकेत देकर शरद पवार ने विपक्ष में हलचल मचा दी है। सुले ने शर्त जोड़ी है कि बिल देखेंगे और फैसला लेंगे। इस सब के बीच महाराष्ट्र में राजनीति में गरमा गई है। संभावना जताई जा रही है कि कांग्रेस के 13 सांसदों के अलावा बाकी सभी का 35 सांसदों का सपोर्ट मोदी सरकार को मिल सकता है। महाराष्ट्र से कुल 48 लोकसभा सांसद हैं क्योंकि शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के इस मुद्दे पर नरम होने के बाद उद्धव ठाकरे की पार्टी नतमस्तक होती दिख रही है।

सोनिया के घर पर बैठक के बाद बड़ा ऐलान

### परिसीमन बिल का विरोध करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार जिन प्रमुख विधेयकों को लाने की तैयारी कर रही है, उनका पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पार्टी ने बैठक में कई प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा की और तय किया कि विपक्षी दलों के साथ मिलकर इनके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। जयराम ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि केंद्रीय गृह मंत्री परिसीमन विधेयक को फिर से संसद में लाने की कोशिश कर रहे हैं।

#### संविधान संशोधन विधेयक पर भी किया मंथन

उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों को हटाने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक पर भी बैठक में चर्चा हुई। इस विधेयक की जांच के लिए जेपीसी बनाई गई है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसका बहिष्कार किया है। कांग्रेस इस विधेयक का भी मजबूती से विरोध करेगी। जयराम रमेश ने बताया कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

#### एफसीआरए का भी विरोध करेगी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि यदि सरकार 'विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक' मानसून सत्र में लाती है तो कांग्रेस इसका पूरी तरह विरोध करेगी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक दोबारा लाया जा सकता है। कांग्रेस ने पहले भी इस विधेयक का विरोध किया था।



#### भड़के खरगे, पीएम मोदी को लिखा पत्र

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार फिर से महिला आरक्षण और लोकसभा की सीटों को बढ़ाने वाले परिसीमन बिल को पेश कर सकती है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संशोधित 131वें संविधान संशोधन विधेयक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। खरगे ने अपने पत्र में लिखा, मैं माननीय संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखकर यह अनुरोध करता रहा कि केंद्र सरकार परिसीमन आदि के संबंध में अपने प्रस्तावों पर चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए। हमारे इन अनुरोधों को स्वीकार नहीं किया गया।

---

### प्रधानमंत्री पंजाब को देंगे करोड़ों की सौगात

# देश में पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे

## 5470 करोड़ की विकास परियोजनाएं देंगे



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पंजाब में 5470 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी चंडीगढ़ और जालंधर जाने वाले हैं। यह इस वर्ष जालंधर की उनकी दूसरी यात्रा होगी। इससे पहले मोदी ने फरवरी में जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां का दौरा किया था। जालंधर कैंट स्टेशन पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश में पुनर्विकसित 75 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। इन स्टेशनों के विकास पर 1570 करोड़ की लागत आई है। इन स्टेशनों में पंजाब के 3 अन्य स्टेशन एसएएस नगर मोहाली, श्री मुक्तसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब भी शामिल हैं।

#### नई रेल लाइन का भी लोकार्पण करेंगे

प्रधानमंत्री दौलतपुर चौक-करतोली नई रेल लाइन का भी उद्घाटन करेंगे। नांगल डैम-तलवाड़ा-मुकेरियां नई रेल लाइन प्रोजेक्ट के तहत यह 830 करोड़ की लागत से बनी है। इससे पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। मोदी अमृतसर (छेहरटा)-वाराणसी ट्रेन सर्विस को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे भारत के दो सबसे पवित्र आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों के बीच सीधा रेल संपर्क बनेगा। प्रधानमंत्री 3,070 करोड़ से अधिक लागत वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें चार-लेन ग्रीनफील्ड दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे का 30.9 किलोमीटर लंबा पैकेज-6 का उद्घाटन और 25.2 किलोमीटर लंबे छह-लेन वाले ग्रीनफील्ड दक्षिणी लुधियाना बाईपास के विकास की आधारशिला भी रखी जाएगी।

#### चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू करेंगे

जालंधर से पहले प्रधानमंत्री चंडीगढ़ में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सड़क बुनियादी ढांचे से जुड़ी 4,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे पीजीआई चंडीगढ़ में एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर और एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर का उद्घाटन करेंगे। यह 300 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस अस्पताल है। 150 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला भी रखेंगे।

---

# नई भाषा जोड़ने से छात्रों पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव पड़ेगा, छात्रों पर बढ़ेगा अनावश्यक तनाव

## नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई के तहत कक्षा 9 में तीसरी भाषा शुरू करने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि नौवीं में नई भाषा जोड़ने से छात्रों पर पढ़ाई का अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। उनका तनाव बढ़ सकता है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि तीसरी भाषा की पढ़ाई कक्षा 5 या 6 से शुरू की जानी चाहिए, ताकि बच्चे इसे आसानी से सीख सकें। जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन की बेंच ने केंद्र से मौखिक रूप से कहा कि वे 9वीं क्लास में तीसरी भाषा शुरू न करें। केंद्र की ओर से पेश वकील से कहा, भारत सरकार, कृपया 9वीं क्लास के लेवल पर तीसरी भाषा न लाए।

सर्वोच्च अदालत ने इस विषय पर जताई चिंता



#### तमिलनाडु सरकार की याचिका पर यह टिप्पणी की

ये टिप्पणियां तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की गईं, जिसमें मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की सुविधा देने को कहा गया था। तमिलनाडु सरकार लगातार जेएनवी खोलने का विरोध करती रही है, क्योंकि उसे इन स्कूलों में अपनाई जाने वाली 'तीन-भाषा नीति' वाले करिकुलम को लेकर चिंता है। पीठ सीधे तौर पर सीबीएसई की नई नीति के मुद्दे पर विचार नहीं कर रही थी।

#### 6वीं से शुरू की जाए त्रिभाषा

बेंच ने बोर्ड की थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को लेकर चिंता जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि इससे बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों पर बिना वजह का स्ट्रेस पड़ेगा। तीसरी भाषा को 9वीं से नहीं बल्कि 6वीं से अनिवार्य करना चाहिए, 9वीं में शुरू नहीं कर सकते, क्योंकि 9वीं कक्षा काफी तनावपूर्ण होती है।

---

### जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने छोड़ा केस

कोर्ट ने जवाब मांगा

# फिर भी 'अटकी' बात, केजरीवाल सिसोदिया को आखिरी मौका दिया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष



सिसोदिया और आप नेता दुर्गेश पाठक को हाई कोर्ट ने 'एक और, पर अंतिम मौका' देकर जवाब मांगा है। कथित शराब घोटाले में विशेष अदालत से बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआई की ओर से दायर केस में केजरीवाल और अन्य ने अपना पक्ष नहीं रखा है। पहले जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा इस मामले की सुनवाई कर रही थीं तो 'आप' नेताओं ने बहिष्कार का ऐलान किया था, लेकिन अब बेंच बदल जाने के बाद भी उनकी ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया है। जस्टिस मनोज जैन की पीठ ने कहा कि रजिस्ट्री से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तीनों ही नेताओं ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। सीबीआई की दलीलों के लिए अगस्त 17 और 18 की तारीख तय की है।

#### गरीब परिवारों को बड़ी सौगात, मिलेंगे बड़े घर

दिल्ली सरकार ने झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गरीब परिवारों को बेहतर और सम्मानजनक आवास देने की



दिशा में बड़ा कदम उठाया है। भलस्वा स्थित 7400 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों के कमरों का आकार बढ़ा दिया गया है, जिससे लाभार्थियों को पहले की तुलना में अधिक बड़े और सुविधाजनक घर मिलेंगे।

---

### मौलाना जर्जिस का भड़काऊ बयान, पुलिस ने केस दर्ज किया

# हद है....भगवान श्रीकृष्ण पढ़ते थे 5 वक्त की नमाज

## श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक की गलत व्याख्या की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

उत्तर प्रदेश के मौलाना जर्जिस ने हिंदू धर्म को लेकर भड़काऊ बयान दिया है। मौलाना जर्जिस ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण 5 वक्त की नमाज पढ़ते थे। मौलाना ने अपने कुतर्क के लिए श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोक की गलत व्याख्या की। झारखंड में तकरीर करने पहुंचे जर्जिस ने हिंदुओं की पूजा के तरीके पर भी सवाल उठाया। मौलाना ने सीएम योगी पर भी अटैक किया और कहा कि अगर वे हिंदू ग्रंथ पढ़ेंगे तो इस्लाम से मोहब्बत करने लगेंगे। ये वीडियो 23 जून की तकरीर का बताया जा रहा है। मामला दर्ज हो गया है।

#### छठा अध्याय का दसवां मंत्र बताया

मौलाना जर्जिस ने कहा था, हमारे भाई अगर बुरा ना मानें, तो कृष्ण जी भी पांचों वक्त की नमाज पढ़ा



करते थे। यकीन ना आए, तो श्रीमद्भगवद्गीता के छठा अध्याय का दसवां मंत्र देख लीजिए। 'योगी युञ्जीत सततमात्मानं रहसि स्थितः। एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः', जिसमें कृष्ण जी अर्जुन से कह रहे हैं कि ऐ अर्जुन, ईश्वर की जब पूजा करो, तो पूरे शरीर का योग करो।

#### हैदराबाद के प्राइवेट स्कूल का कारनामा

### दूसरी क्लास के हिंदू बच्चे को होम वर्क में 'कलमा और फातिहा' याद करने को दिया

**हैदराबाद।** यहां के एक प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर द्वारा दूसरी के छात्रों को कथित रूप



से होमवर्क में कलमा और फातिहा पढ़ने के लिए कहा। मामला बढ़ता देख स्कूल ने महिला टीचर को नौकरी से निकाल दिया गया। बुधवार को सक्सेस स्कूल का एक मामला सामने आया। महिला टीचर ने होमवर्क दिया था।

#### भाजपा ने कहा- प्राचार्य पर एफआईआर क्यों नहीं की?

भाजपा नेता और वकील करुणा सागर का कहना है कि मैं यहां पुलिस से यह पूछने आया हूं कि अब तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई? प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया जाए जो छात्रों को कुरान पढ़ने मजबूर कर रहा है।

---

### आईसीएआर का 98वां स्थापना दिवस

# एक साल में 386 नई फसलों की किस्में दी, नई तकनीकें भी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने अपने 98वें स्थापना दिवस के मौके पर बताया कि पिछले एक साल में 44 फसलों की 386 नई और उन्नत किस्में विकसित की गई हैं। इनमें 94 प्रतिशत किस्में जलवायु परिवर्तन के अनुकूल हैं, जबकि 29 किस्में पोषण से भरपूर (बायोफोर्टिफाइड) हैं। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संस्तानभारत में कृषि परिवर्तन का अग्रदूत है। उन्होंने कहा कि किसान कृषि की आत्मा हैं, जबकि वैज्ञानिक उसका मस्तिष्क हैं। उन्होंने बताया कि इसके शोध और नवाचारों की बदौलत देश ने खाद्यान्न, बागवानी, दूध और मत्स्य उत्पादन में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने जलवायु अनुकूल खेती, दलहन और तिलहन में आत्मनिर्भरता, गुणवत्तापूर्ण कृषि शिक्षा और नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## संक्षेप

### अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। तेज रफ्तार कार का पहिया निकलने से वह अनियंत्रित होकर साइड डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में सवार दो लोगो को बांगरमऊ से रेफर कर दिया गया। चालक अजहर कार लेकर लखनऊ से कन्नौज जा रहा था तभी गुरुवार को दोपहर करीब बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव रसूलपुर रूरी के निकट कार का अगला पहिया धुरी का बोल्ट खुलने से अलग हो गया जिससे अनियंत्रित हुई कार साइड डिवाइडर से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई इस हादसे के बाद घायलों को बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा से चालक अजहर व जुनैद निवासीगण कन्नौज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि अन्य सवार शीबू, भूरा व पिच्चू इन लोगों को मामूली चोट आई।

### 8 अपराधी 6 महीने के लिए जिला बदर

#### डीएम ने गुंडा एक्ट के तहत सीमा से किया निष्कासित

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली ,कानून-व्यवस्था सख्त करने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत आठ आरोपियों को छह महीने के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया है। सभी को निर्धारित अवधि तक रायबरेली की सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने 16 जुलाई को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा-3 के तहत यह कार्रवाई की। न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार, सभी आठ आरोपियों को छह माह के लिए रायबरेली जनपद की सीमा से बाहर निष्कासित किया गया है। जिला बदर किए गए व्यक्तियों में राजवीर उर्फ राज (थाना गदागंज), अतिन्दर उर्फ मन्ना (थाना नसीराबाद), शैलेन्द्र सिंह (थाना महराजगंज), सतेन्द्र सोनकर उर्फ राजा सोनकर (थाना मिलएरिया), लवकुश मौर्य (थाना नसीराबाद) और अमित शुक्ला (थाना सलोन) शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार, इन सभी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने इनके आपराधिक इतिहास और गतिविधियों से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी थी। रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी न्यायालय में मामले की सुनवाई की गई। उपलब्ध साक्ष्यों और अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद सभी आरोपियों को छह माह के लिए जिला बदर करने का आदेश पारित किया गया। प्रशासन का कहना है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## होमगार्ड भर्ती-2025: अभ्यर्थियों से सीधे संवाद कर एएसपी उत्तरी ने किया डीवी/पीएसटी का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। युवाओं के भविष्य से जुड़ी यूपी होमगार्ड भर्ती-2025 की प्रक्रिया को लेकर शासन-प्रशासन पूरी गंभीरता से जुटा है। इसी क्रम में गुरुवार 16 जुलाई 2026 को उन्नाव में चल रहे अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण यानी डीवी/पीएसटी का अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की गई होमगार्ड एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के तहत जनपद उन्नाव में चयन प्रक्रिया चल रही है। एएसपी अखिलेश सिंह ने परीक्षण केंद्र पर पहुंचकर पहले सभी अभिलेखों की जांच प्रक्रिया को बारीकी से देखा। इसके बाद अभ्यर्थियों के शारीरिक मानक परीक्षण के दौरान बरती जा रही पारदर्शिता और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एएसपी ने वहां मौजूद अभ्यर्थियों से सीधे वार्ता भी की। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि भर्ती पूरी तरह निष्पक्ष और मेरिट के आधार पर होगी। किसी भी प्रकार के दलाल या अफवाहों पर ध्यान न दें। घबराएं नहीं, पूरी ईमानदारी से प्रक्रिया में हिस्सा लें। उन्होंने भर्ती ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कहा कि अभ्यर्थियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो, पेयजल, छाया और बैठने की उचित व्यवस्था रहे। प्रक्रिया में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शासन की मंशा है कि योग्य और मेहनती युवाओं को ही वर्दी पहनने का अवसर मिले। इसी संकल्प के साथ प्रशासन ने भर्ती को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने का बीड़ा उठाया है।एएसपी के निरीक्षण और अभ्यर्थियों से संवाद से केंद्र पर मौजूद युवाओं में उत्साह दिखा। सभी ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

## जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी दृढ़ संकल्पित, जनता दर्शन में सुनीं 40 फरियादें

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनशिकायतों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना पूरी तरह दृढ़ संकल्पित हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में उन्होंने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन के दौरान संगीता पत्नी राधाकृष्ण निवासिनी ग्राम धन्नापुरवा तहसील सफीपुर के पारिवारिक लोगों द्वारा मारपीट किए जाने, उर्मिला पत्नी जगतपाल निवासिनी ग्राम धनईखेड़ा मजरा हसनपुर थाना औरस के जमीन दिलाए जाने का झांसा देकर रुपये हड़पने, महेश कुमार पाल पुत्र बाबूलाल पाल ग्राम सरबागर कंचन नगर शुक्लागंज के भूमि पर पानी की बोरिंग के मुआवजे के लंबित प्रकरण, विद्या ग्राम सिहुरा पोस्ट सिकंदरपुर तहसील उन्नाव की वृद्धा पेंशन और गोपाल पुत्र श्रीराम निवासी तराई गुलरिया नगर पंचायत उगु तहसील सफीपुर के भूमाफियाओं द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने संबंधी प्रार्थना पत्रों को सुना।

फरियादियों की शिकायत सुनते ही जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारी को फोन कर प्रकरणों की जांच कर समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विकास, पुलिस, राजस्व, अवैध कब्जा, पेंशन सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 40 शिकायतें सुनीं, जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जनता दर्शन में जिलाधिकारी की संवेदनशीलता और शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर फरियादियों में जिला प्रशासन के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता दिखा।

## महिला ने अपने पड़ोसियों पर दर्ज कराया सुसंगत धाराओं में मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के रावतपुर गांव की रहने वाली एक महिला ने पड़ोसियों पर सार्वजनिक भूमि पर रखी लकड़ियों में आग लगाने, मारपीट करने तथा जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रावतपुर निवासी रोशनी पत्नी इंदल ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 15 जुलाई की सुबह करीब 5 बजे वह घर के सामने सार्वजनिक भूमि पर रखी अपनी लकड़ियों के पास थी। आरोप है कि पड़ोसी दीपांकर, शिवांकर तथा उनकी मां उमा द्विवेदी ने लकड़ियों में आग लगा दी। विरोध करने पर तीनों ने लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया।

पीड़िता का आरोप है कि जान बचाने के लिए वह घर के अंदर भागी, लेकिन आरोपित घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके ससुर रामपाल, ननद राखी तथा नाबालिग पुत्री वंशिका और पुत्र नमन के साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित भी किया गया।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार कटियार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दो होनहार छात्रों ने यूपीएसआई की भर्ती परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के भगवंत नगर निवासी महिला कांस्टेबल अंजली भारती व बड़ी पनई गांव निवासी विक्रांत सिंह के उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक (वढरक) भर्ती परीक्षा पास करने पर क्षेत्रीय लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

वर्तमान में गोरखपुर में तैनात अंजली ने कठिन ड्यूटी के साथ सेल्फ-स्टडी कर यह सफलता हासिल की है। उनके पिता स्वर्गीय महेंद्र कुमार का निधन होने के पश्चात मां अनिता देवी व तीन बेटियों के सामने आर्थिक चुनौतियां आ गईं।इस मुश्किल समय में अंजली के चाचा अरविंद कुमार उर्फ बबलू मिस्त्री ने परिवार का सहारा बने। उन्होंने अंजली की शिक्षा-दीक्षा और पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी संभाली। अंजली तीन बहनों में दूसरे नंबर की हैं।

अंजली ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई लाल बहादुर पब्लिक इंटर कॉलेज, पतारी भगवंत नगर, उन्नाव से पूरी की।वर्ष 2025 में अंजली का चयन यूपी पुलिस में कांस्टेबल के पद पर हुआ था। वही दूसरी तरफ

गोरखपुर में ही थाना पी.पी. गंज में कांस्टेबल के पद पर तैनात विक्रांत पिता रमेश सिंह चौहान किसान हैं जबकी माता सुमन सिंह गृहणी हैं। विक्रांत ने अपनी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई लाल बहादुर पब्लिक इंटर कॉलेज, पतारी भगवंत नगर से पूरी की है।

हाल ही में उन्होंने रेलवे एनटीपीसी परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी, जिसमें उन्हें टिकट एग्जामिनर (टीटी) का पद मिला था।

विक्रांत ने बताया कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के, कांस्टेबल की 24 घंटे की ड्यूटी के साथ सेल्फ स्टडी के माध्यम से यह सफलता प्राप्त की है।दो सरकारी नौकरियां मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे रेलवे टीटी की जगह सब-इंस्पेक्टर (रक) का पद ही ज्वाइन करेंगे।उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों में आशीष शुक्ला, रुद्र सिंह चौहान, सुंदर लाल बाजपेयी, राजू बाजपेयी, दीपक नारायण सोनी सहित अन्य लोगो ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, 16 पव्वे बरामद

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। अजगैन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अजगैन पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 16 अदद अवैध पव्वा शराब बरामद हुई है। गुरुवार को उपनिरीक्षक श्याम चौरसिया, आबकारी निरीक्षक ज्योति अग्रवाल, आबकारी महिला सिपाही स्वेता सोनकर मय पुलिस बल द्वारा चेकिंग के दौरान अनामिका ढाबा के पास से अभियुक्त राज मिश्रा पुत्र तरुण किशोर मिश्रा निवासी डिप्टी पड़ाव थाना चमनगंज जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके कब्जे से 16 अदद पव्वा दीवाना शराब बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अजगैन में मु0अ0सं0 312/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक श्याम जी चौरसिया, कांस्टेबल वीरेन्द्र प्रताप चौरसिया, आबकारी निरीक्षक ज्योति अग्रवाल और आबकारी महिला सिपाही स्वेता सोनकर शामिल रहीं।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू का धरना, पूर्व सपा प्रत्याशी डॉ. मुन्ना अल्वी ने दिया समर्थन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कार्यालय, बांगरमऊ पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने में समाजवादी पार्टी के बांगरमऊ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. मुन्ना अल्वी ने पहुंचकर किसानों के संघर्ष को अपना समर्थन दिया और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आवाज बुलंद की। धरने के उपरांत किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए विद्युत विभाग की अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की जानकारी और सहमति के बिना बिजली कनेक्शनों का लोड बढ़ाकर किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इसके अलावा खाद वितरण में व्याप्त धांधली, कालाबाजारी और दलाली पर प्रभावी अंकुश लगाने, खाद प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्रेशन/कृषक अनुबंध की अनिवार्यता समाप्त करने तथा सिंचाई विभाग के भ्रष्ट कर्मचारियों की मिलीभगत से जगह-जगह खांदी काटे जाने के कारण छोटे और गरीब किसानों के खेतों तक पानी न पहुंचने की गंभीर समस्या उठाई गई। किसानों ने दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। इस अवसर पर डॉ. मुन्ना अल्वी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों और गरीबों की आवाज रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और जब-जब किसान उन्हें बुलाएंगे, वह किसान हित और देशहित के हर संघर्ष में उनके साथ मजबूती से खड़े मिलेंगे।

डॉ. अल्वी ने भारतीय किसान यूनियन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उसके लिए सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रहेगा।

धरने में उपस्थित किसानों ने एकजुट होकर ₹भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद₹, ₹जय जवान, जय किसान₹ और ₹जय समाजवाद₹ के नारों के साथ किसानों के अधिकारों की लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## 33 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद तीन अभियुक्तों पर कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। आबकारी निरीक्षक बीघापुर प्रतिभा सिंह ने थाना बिहार पुलिस के साथ संयुक्त रूप से दबिश देकर ग्राम केदारखेड़ा व अकवारा में संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर अवैध शराब बनाने और बिक्री करने वालों को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर कुल 33 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 03 अभियुक्तों पर आबकारी अधि के तहत कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामेश्वरी पत्नी परमेश्वर व शकुन्तला पत्नी सतीश निवासी अकवारा जबकि ग्राम केदारखेड़ा निवासी पप्पू पुत्र प्यारेलाल पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह ने बताया कि पकड़े गए सभी अभियुक्तों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गंगा स्नान करने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के खरौली गांव निवासी 45 वर्षीय प्रदीप कुमार उर्फ सोनू तिवारी गंगा नदी में मिला मृतक प्रदीप की पत्नी शिखा ने पुलिस को बताया कि उनके पति बुधवार दोपहर गंगा स्नान और देवकली मंदिर में दर्शन के लिए घर से निकले थे। देर शाम तक घर न लौटने पर उनकी तलाश शुरू की गई। घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर बदिया खेड़ा गांव के पास गंगा नदी के किनारे उनके चप्पल और कपड़े मिले, जिससे उनके डूबने की आशंका हुई। सूचना मिलने पर निबई चौकी इंचार्ज पुरुषोत्तम मौके पर पहुंचे और बुधवार देर शाम तक गोताखोरों की मदद से गंगा में छानबीन कराई, लेकिन शव नहीं मिला। गुरुवार सुबह खोजबीन के लिए स्टीमर बुलाया गया था, तभी गंगा तट पर मौजूद ग्रामीणों ने देखा कि शव घटनास्थल से लगभग 1 किलोमीटर दूर किनारे पर उतरा रहा था।पुलिस ने शव को गंगा से निकलवाकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रदीप की मौत के बाद उनके घर में मां राजदुलारी, पत्नी शिखा और तीन पुत्रियां तन्नू, श्रद्धा, अन्नू का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बड़े भाई ने छोटे भाई के मकान पर किया कब्जा विरोध पर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कस्बा कुरसठ के मोहल्ला चौक निवासी अतीक खान पुत्र अली हसन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप कि वह अपने परिवार के साथ लखनऊ के ठाकुरगंज में रहकर रिक्शा चलाता है जबकि पुश्तैनी मकान में बड़े भाई रफीक पुत्र अलीहसन ने मकान के ऊपर कब्जा करने की नीयत से बिना पूछे मकान का निर्माण करा दिया बुधवार की शाम जब अतीक खान अपने परिवार के साथ कुरसठ पहुंचे तो मकान निर्माण का विरोध किया जिसपर सुहैल पुत्र इशरत खान, चांदबीबी पत्नी सुहैल, रफीक पुत्र अलीहसन, व जुल्फी पुत्री रफीक गाली-गलौज करने लगे विरोध करने पर अंजुम पत्नी अतीक खान व पुत्री नाजिया पत्नी राहिल खान, तथा राबिया पत्नी शाहबाज खान पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया जिससे गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने अंजुम व राबिया की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कराकर आगे की कार्रवाही की जाएगी।

## सड़क दुर्घटना में एम्बुलेंस सात लोग घायल




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। चालक को झपकी लगने से एक एम्बुलेंस पीछे से किसी बड़े वाहन में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में 7 घायलों को इलाज हेतु बांगरमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया।एक एंबुलेस शव लेकर गाजियाबाद से जौनपुर जा रही थी तभी गुरुवार की अलसुबह बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव हैबतपुर के सामने चालक को झपकी लगने से वह अनियंत्रित होकर पीछे से किसी भारी वाहन में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में एंबुलेंस पर बैठे मृतक परिजन व करीबी प्रभास सिंह पुत्र फतेहबहादुर निवासी नोहर जलालपुर जौनपुर ,विनोद पुत्र रामचन्द, अर्पित पुत्र ओमप्रकाश, माया पत्नी संदीप, रेनू पत्नी ओमप्रकाश, सिद्धिविनायक पुत्र संदीप, सूर्थी सिंह पुत्री संदीप यह 7 लोग घायल हो गए जिन्हे यूपीडा टीम के सहयोग से बांगरमऊ अस्पताल ले जाया गया।जहा से इलाज कराने के बाद सभी लोग किसी तरह दूसरे वाहन से गंतव्य को चले गए।

## मंदिर में पूजा पाठ को मना करने पर मारपीट, एससी एसटी एक्ट में मुकदमा




अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बीचपरी गांव निवाशी अमरपाल रावत ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में बीती 10 जुलाई की शाम कई लोग खाटूश्याम भगवान की पूजा आरती कर रहे थे तभी गांव के ही ब्रजेश सिंह, श्रीकृष्ण सिंह ने जाति सूचक गाली देते हुए कहा कि पासियो अगर मंदिर में पूजा आरती को तो जान से मार देंगे। विरोध करने पर लज्जावती, सुनीता, अमर , सुरेंद्र पर लाठियों ठंडो से हमला कर घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो नामजद सहित एक अज्ञात पर एससी एसटी, गाली गलौज सहित जान से मार देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।सीओ तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अमन लेखनी

**विचार**


**4**

लखनऊ , 17 जुलाई शुक्रवार 2026


## सम्पादकीय

# अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौती बढ़ती महंगाई

देश में बढ़ती महंगाई एक बार फिर चिंता का विषय बन गई है। जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह लगातार छठा महीना है, जब महंगाई में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जनवरी 2025 के बाद पहली बार महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के मध्य लक्ष्य को पार कर गई है। यद्यपि यह अभी भी आरबीआई के 2 से 6 प्रतिशत के सहनशीलता दायरे में है, लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई भविष्य के लिए गंभीर संकेत दे रही है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो इसका असर केवल आम आदमी की जेब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि देश की आर्थिक विकास दर भी प्रभावित हो सकती है। महंगाई का सबसे बड़ा कारण इस बार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी है। आलू, प्याज, टमाटर, अदरक जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं। इन वस्तुओं का सीधा संबंध आम परिवार की रसोई से है। जब भोजन महंगा होता है तो सबसे अधिक बोझ मध्यम और निम्न आय वर्ग पर पड़ता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और ऊर्जा बाजार की अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बनी हुई है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल महंगा होने से परिवहन, उद्योग और उत्पादन लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ता पर ही पड़ता है। दूसरी ओर अल नीनो के प्रभाव और मानसून को लेकर बनी अनिश्चितता भी चिंता बढ़ा रही है। यदि वर्षा सामान्य से कम रहती है तो कृषि उत्पादन प्रभावित होगा और खाद्य महंगाई और तेज हो सकती है। महंगाई बढ़ने का एक बड़ा असर मौद्रिक नीति पर पड़ता है। यदि मूल्य वृद्धि लगातार बनी रहती है तो आरबीआई को रेपो रेट बढ़ाने का विकल्प अपनाना पड़ सकता है। रेपो रेट बढ़ने का मतलब है कि बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होगा और वे होम लोन, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण तथा उद्योगों को दिए जाने वाले कर्ज की ब्याज दरें बढ़ा देंगे। इससे निवेश और खपत दोनों प्रभावित होंगे। उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ सकता है और रोजगार सृजन की रफ्तार भी कम हो सकती है। अर्थात महंगाई पर नियंत्रण के लिए उठाया गया कदम आर्थिक विकास की गति को भी प्रभावित कर सकता है। यही कारण है कि आरबीआई के सामने महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की कठिन चुनौती है। सरकार के लिए भी यह समय सतर्क रहने का है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देकर आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करना भी दीर्घकालिक समाधान का हिस्सा होना चाहिए। केवल ब्याज दरों के सहारे महंगाई पर नियंत्रण संभव नहीं है; इसके लिए उत्पादन, आपूर्ति और बाजार प्रबंधन को समान रूप से मजबूत करना होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक परिस्थितियों से पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ी हुई है। इसलिए आर्थिक नीति को केवल वर्तमान महंगाई तक सीमित न रखकर भविष्य के संभावित जोखिमों को ध्यान में रखते हुए तैयार करना होगा। मूल्य स्थिरता, खाद्य सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा को समान प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। महंगाई का मुकाबला केवल आंकड़ों से नहीं, बल्कि प्रभावी नीतियों और मजबूत इच्छाशक्ति से किया जा सकता है। सरकार और आरबीआई के बीच बेहतर तालमेल, कृषि एवं ऊर्जा क्षेत्र में सुधार, मजबूत आपूर्ति व्यवस्था और बाजार की पारदर्शिता ही इस चुनौती का स्थायी समाधान है।



**विदेश दौरे**

अखिलेश आर्येन्दु

प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्राओं पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह उनकी पिछली विदेश यात्राएं देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियां भरी रही। पिछले दस वर्षों में भारत की साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वासनीयता बढ़ी है।

# पीएम की यात्रा ने साधे कई लक्ष्य

प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा कई नजरिए से सफल कही जानी चाहिए। यह भी कह सकते हैं कि अब तक के उनके सभी सफल विदेश दौरों में यह दौरा भी कई नजरिए से बेहद सफल और देशहित में मील का पत्थर साबित हुआ है, क्योंकि तीनों देशों से ताल्लुकात ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि आपसी विश्वासनीयता भी बढ़ी है। यदि हम मोदी की मई में हुई पांच देशों की विदेश यात्रा पर नजर घुमाएं तो साफ दिखता है कि जिस तरह पिछली विदेश यात्राएं उनकी देशहित में रहीं, उसी तरह 6 जुलाई से 11 जुलाई तक की 6 दिवसीय यात्रा भी कई नजरिए से बेहद सफल और उपलब्धियां भरी रही। जिन क्षेत्रों में इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से सहमतियां, समझौते और शिक्षा-सुरक्षा संबंधी साझेदारी हुई, उनमें सैन्य निर्यात, ऊर्जा सुरक्षा, कृषि-डेयरी और व्यापार विस्तार की साझेदारी के लिहाज से बेहद सफल और ऐतिहासिक कह जाना चाहिए। इससे भारत को आने वाले दिनों में कई तरह के फायदे तो होंगे ही, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा पर बढ़ती चिंताओं को कम करना मुनासिब होगा। प्रधानमंत्री मोदी की हालिया विदेशी दौरे की शुरुआत इंडोनेशिया से हुई। जकार्ता पहुंचने पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का मोदी की आगवानी और स्वागत अत्यंत आत्मीयतापूर्ण था। इससे दुनियाभर में यह संदेश गया कि मोदी आज भी दुनिया के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं और नेतृत्व-कर्ताओं में पहले नंबर पर बरकरार हैं। जकार्ता में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता और 14 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इनमें ब्रह्मोस मिसाइल सौदा बेहद महत्वपूर्ण था। इस महत्वपूर्ण सौदे से भारत के लिए तटीय रक्षा प्रणालियों को इंडोनेशिया को निर्यात करने का नया रास्ता खुल गया। इससे एक तीर से दो लक्ष्य साधे गए। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए समुद्री सूचनाओं को साझा करने और सुरक्षा बढ़ाने पर दोनों देशों में सहमति बनी। इसके तहत दोनों देश सांझा सैन्य अभ्यास करेंगे। दूसरी महत्वपूर्ण बात, ब्रह्मोस मिसाइल के निर्यात से भारत को रक्षा के क्षेत्र में आर्थिक फायदा होगा। इसके साथ ही, चीन के प्रभुत्व को संतुलित करने के लिए एक्ट ईस्ट पॉलिसी के तहत सबांग बंदरगाह के संयुक्त रणनीतिक विकास और समुद्री सुरक्षा पर बड़ा करार हुआ। दोनों देश एक सांस्कृतिक पटल से जुड़े हुए हैं। दोनों देशों के बीच खनिज-स्टील सप्लाई चेन को मजबूत करने पर भी सहमति बनी। इसी के साथ रेयर मैगनेट (दुर्लभ खनिज) पर भी डील हुई। एक और खास समझौता शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में हुआ, जिसके तहत भारत का प्रसिद्ध भारतीय प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु (आईआईएम) इंडोनेशिया में नया कैंपस खोलने पर भी सहमति हुई। कुल 14 समझौतों से भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध ही बेहतर नहीं हुए, बल्कि एक दूसरे के प्रति सभी क्षेत्रों में विश्वासनीयता भी बढ़ी है। दोनों देशों के बीच मित्रता और विश्वासनीयता की दीवार कितनी मजबूत है और इंडोनेशिया की जनता और वहां की सरकार के नजर में मोदी की छवि किस तरह की है, यह उन्हें मिले इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान से जाहिर होता है। इंडोनेशिया-भारत मैत्री कोई नई नहीं है, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार के शासन के बाद दोनों देशों में एक



नए दौर और युग की शुरुआत हुई है। मोदी को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च सम्मान उनकी लोकप्रियता का तकाजा है कि जब भी वे विदेशी दौरे पर जाते हैं, तब उन्हें उस देश का सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इंडोनेशिया का मिला सर्वोच्च सम्मान इसी लोकप्रियता की अगली कड़ी का हिस्सा है। अब जब कि दुनिया के तमाम देशों में कई मुद्दों को लेकर तनातनी का माहौल है, ऐसे में मोदी की विदेश यात्राएं उनकी लोकप्रियता और उनकी दुनिया के देशों से उनकी मैत्री के वजह से भारत को संभावित संकटों से उबरने में मददगार साबित हो रहीं हैं। इंडोनेशिया से दोस्ती की नई इबारत लिखने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जकार्ता से चलकर 7 जुलाई को मेलबर्न आस्ट्रेलिया पहुंचे। आस्ट्रेलिया भारत के रिश्ते दशकों पुराने हैं। मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य रक्षा, खनिज और परमाणु सहयोग को लेकर द्विपक्षीय समझौते हुए। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस के मध्य शिखर वार्ता हुई। बाद में दोनों देशों के मध्य अनेक क्षेत्रों में समझौते हुए। जिनमें असैन्य नाभिकीय ऊर्जा पर करार, खनिजों की सुरक्षित सप्लाई चेन का निर्माण प्रमुख है। इन समझौतों के तहत अब आस्ट्रेलिया भारत को यूरेनियम की आबाध आपूर्ति करेगा, यह भारत के लिए नाभकीय ऊर्जा आपूर्ति के मामले में मील के पत्थर की तरह है। इसके तहत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को सुरक्षित और खुला रखने के लिए दोनों सेनाओं के बीच सैन्य अंतर-संचालनीयता और समुद्री खुफिया जानकारी साझा करने पर हस्ताक्षर किए गए। आस्ट्रेलिया सरकार ने पहली बार भारत से खेल समझौते पर करार किए हैं। यह भारत और आस्ट्रेलिया को और करीब आने में मददगार साबित हो सकता है। मोदी का हालिया न्यूजीलैंड दौरा सफल और सार्थक रहा। मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ वार्ता के बाद दोनों देशों के रिश्तों को सीधे रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेट किया गया। इस यात्रा के दौरान कुल 18 बड़े समझौते और नतीजे सामने आए। इससे भारत में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वानीय मित्र देश के रूप में न्यूजीलैंड की तमाम अवसरों, क्षेत्रों और विषयों में मदद मिलेगी, इसमें कोई संदेह की बात नहीं। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि भारत-न्यूजीलैंड ने साथ-साथ कई क्षेत्रों में काम करने पर रजामंद हुए हैं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि न्यूजीलैंड ने खुलकर विज्ञान और खगोल के क्षेत्र में सहयोगी मित्र की तरह काम करने की इच्छा जताई है। इससे भारत की समुद्री सीमाएं पहले से ज्यादा सुरक्षित हो सकेंगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती ताकत का सामना करने के लिए न्यूजीलैंड के साथ ये समझौते आने वाले वर्षों में मील के पत्थर भी साबित हो सकते हैं। इसी तरह इस समझौते से आर्थिक सहयोग मजबूत होंगे और सहयोग की नई संभावनाएं तलाशी जा सकेंगी। कृषि, पशुपालन और व्यापार के क्षेत्र में रोजगार और खाद्यान को बढ़ावा मिलेगा। सांस्कृतिक संबंध नए सिरे से आगे बढ़ सकेंगे। आस्ट्रेलिया के जरिए यूरेनियम मिलने पर सहमति से भारत की शक्ति ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ अन्य क्षेत्रों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। इससे आने वाले वक्त में ऊर्जा की कमी से होने वाली तमाम रुकावटें दूर हो सकेंगी। प्रधानमंत्री मोदी का जिस तरह से दौरे वाले तीनों देशों में स्वागत किया गया, वह भारत की बढ़ती विश्व में साख और समृद्धि का प्रतीक है। पिछले दस वर्षों में भारत की जो साख, सम्मान, प्रतिष्ठा और विश्वासनीयता बढ़ी है, वह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व, सफल विदेश नीति, रणनीति और भारत की दुनिया भर के देशों से हुए बेहतर संबंध के परिणाम हैं। मोदी की तीन देशों की यात्रा से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि देश की समृद्धि, सुरक्षा, साख और बढ़ती ताकत मोदी के नेतृत्व में ही सुरक्षित है।

**खेल**

नृपेन्द्र अभिषेक 'नृप'



# टी-20 में भारतीय क्रिकेट का कठिन दौर

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में टीम इंडिया की एकतरफा हार ने भारतीय क्रिकेट जगत को झकझोर दिया। इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ मिली अप्रत्याशित पराजय ने भी यह संकेत दे दिया था कि दुनिया की नंबर एक टी-20 टीम कही जाने वाली भारत की चमक अब फीकी पड़ती दिखाई दे रही है। क्रिकेट में हार-जीत सामान्य बात है, लेकिन लगातार दो विदेशी दौरों पर जिस तरह टीम का प्रदर्शन रहा, उसने केवल खिलाड़ियों की तकनीकी कमियों को ही नहीं, बल्कि चयन नीति, टीम प्रबंधन और तैयारी की कमजोरियों को भी उजागर कर दिया। यही कारण है कि आज हर क्रिकेट प्रेमी यह सवाल पूछ रहा है कि आखिर भारतीय टीम की इस गिरावट का वास्तविक कारण क्या है और इससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है। किसी भी खेल में हार केवल खिलाड़ियों की नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था की होती है। इसलिए केवल कप्तान श्रेयस अय्यर या मुख्य कोच गौतम गंभीर को निशाने पर लेना उचित नहीं होगा। श्रेयस अय्यर लंबे अंतराल के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे और उन्हें सीधे कप्तानी की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। ऐसे में उनसे तुरंत चमत्कार की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं था। इंग्लैंड के खिलाफ उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी कुछ अच्छी पारियां देखने को मिलीं, लेकिन टीम के सामूहिक प्रदर्शन की कमजोरी उन प्रयासों पर भारी पड़ गई। कप्तान तभी सफल हो सकता है जब उसके पास स्थिर टीम, स्पष्ट रणनीति और प्रबंधन का पूरा विश्वास हो। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी इस हार का गंभीर आत्ममंथन करना चाहिए। आईपीएल समाप्त होने के तुरंत बाद खिलाड़ियों को विदेशी दौरे पर भेज दिया गया, जबकि इंग्लैंड और आयरलैंड जैसी परिस्थितियों में खेलने के लिए अलग तरह की तैयारी की आवश्यकता होती है। भारतीय सपाट पिचों और इंग्लैंड की स्विंग तथा उछाल वाली पिचों में जमीन-आसमान का अंतर है। खिलाड़ियों को वहां की परिस्थितियों के अनुरूप अभ्यास का पर्याप्त समय नहीं मिला। इसके साथ ही कई अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देने का निर्णय भी टीम के संतुलन पर भारी पड़ा। सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी पूरे दौरे में महसूस की गई। ऐसा प्रतीत हुआ कि विपक्षी टीमों को अपेक्षाकृत हल्के में लिया गया, जिसका परिणाम मैदान पर स्पष्ट दिखाई दिया। टीम इंडिया की सबसे बड़ी समस्या इस समय केवल तकनीकी नहीं, बल्कि मानसिक भी दिखाई देती है। वर्तमान टीम प्रबंधन लगातार खिलाड़ियों को अंदर-बाहर कर रहा है। एक-दो खराब पारियों के बाद खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है, जबकि कई बार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी अगले मैच में टीम से बाहर कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी खिलाड़ी के मन में यह डर स्वाभाविक रूप से बैठ जाता है कि यदि आज प्रदर्शन नहीं हुआ तो अगला अवसर शायद न मिले। यह भय खिलाड़ियों को स्वाभाविक खेल खेलने से रोकता है। क्रिकेट आत्मविश्वास का खेल है और जब खिलाड़ी हर गेंद पर अपने स्थान की चिंता करने लगे तो उसका प्रदर्शन प्रभावित होना तय है। संजू सैमसन का उदाहरण सबसे उपयुक्त माना जा सकता है। उन्होंने विश्व कप और आईपीएल दोनों में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, फिर भी उन्हें लगातार अवसर नहीं मिले और कई बार बिना किसी स्पष्ट कारण के टीम से बाहर कर दिया गया। यदि कोई खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद अपनी जगह सुरक्षित महसूस नहीं करता तो यह संदेश पूरी टीम में जाता है कि मेहनत और प्रदर्शन से अधिक चयन की अनिश्चितता हावी है। इससे युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास भी प्रभावित होता है। टीम प्रबंधन को यह समझना होगा कि स्थिरता किसी भी सफल टीम की सबसे बड़ी ताकत होती है। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अन्य सफल टीमें खिलाड़ियों को लंबा अवसर देती हैं, जिससे वे खुलकर खेल पाते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम संयोजन पर भी नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया है।

## 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं




संकलित

**दर्शन**

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है- फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

## सेवा भाव ना भूलें, क्षमाशील बनें



संकलित

**प्रेरणा**

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गई। अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी। राजन! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है... मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूं। मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूंछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं। राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं? आखिरकार राजा ने मंत्री से पूछा- ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं? राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी! राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया।

## सटाका




## आज की पाती


### साइबर ठगी से बचाव की समझ ही सबसे बड़ी सुरक्षा

देश मे तेजी से बढ़ रही साइबर ठगी और फर्जी निवेश योजनाएं आज युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी हैं। बेरोजगारी और जल्दी अमीर बनने की चाह का फायदा उठाकर ठग नए-नए तरीके अपनाते हैं। हाल ही मे वाराणसी मे साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया जिसने मल्टी लेवल मार्केटिंग और पिरामिड स्कीम के नाम पर एक हजार से अधिक युवाओं से करोड़ो रुपए की ठगी की। जांच मे सामने आया कि मास्टरमाइंड के बैंक खातो मे केवल सात महीनो के भीतर चार करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन हुआ। यह मामला बताता है कि साइबर ठगी अब केवल मोबाइल या इंटरनेट तक सीमित नही रही बल्कि संगठित नेटवर्क के रूप मे युवाओं को अपना शिकार बना रही है।

*-विजय गौड़, सोनीपत*

## ट्रेंड

### भारत को मजबूती दे रहे



जब चौतरफा विकास के साथ हर देशवासी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित होता है, तब राष्ट्र की प्रगति को भी नई गति मिलती है। इसी प्रेरक भावना के साथ हम भारत के सामर्थ्य को निरंतर मजबूती देने में जुटे हुए हैं। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### राहुल ही चेहरा



पंजाब की जनता के मन में कोई भी किंतु और परंतु नहीं है। पंजाब का मतदाता लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी जी पर भरोसा कर रहा है। कांग्रेस पार्टी का पंजाब में एक ही चेहरा है, वो है राहुल गांधी। सभी कार्यकर्ता कांग्रेस को जिताने के लिए एकजुट हों।

-भूपेश बघेल, कांग्रेस प्रभारी, पंजाब

### रथ यात्रा में भाग लेगी सरकार



कोलकाता में हर साल कई रथ यात्रा समारोह आयोजित किए जाते हैं। हमारी सरकार ने इस वर्ष की रथ यात्रा में सक्रिय रूप से भाग लेने का निर्णय लिया है। सरकार ने 60 प्रतिष्ठित रथ यात्रा समितियों को पांच-पांच लाख रुपये का अनुदान देने का फैसला किया है।

-शुभेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

### भाजपा का मॉडल बेनकाब




भाजपा का 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से डायरेक्ट वोट ट्रांसफर' का मॉडल पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। पार्टी चुनाव से पहले आर्थिक सहायता देकर मतदाताओं को लुभाती है और चुनाव जीतने के बाद इन योजनाओं को बंद कर देती है।"

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

### नेपाल में कवि भानुभक्त की 213वीं जयंती मनाई गई


नेपाल ने 19वीं सदी के कवि भानुभक्त आचार्य की जयंती सोमवार को विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई। भानुभक्त ने वाल्मीकि रामायण का नेपाली भाषा में अनुवाद किया था। भानुभक्त आचार्य को नेपाली भाषा के पहले कवि के रूप में व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। कवि की 213वीं जयंती के अवसर पर भानु प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रतिनिधि सभा के स्पीकर डोल कुमार आर्याल ने उन्हें नेपाली भाषा, साहित्य और संस्कृति का अग्रदूत बताया।



## ऑफ बीट

### ब्रह्मांड का केंद्र कहां है? आकाशगंगाएं दूर हो रहीं

पृथ्वी पर, 'विस्तार' का मतलब है कि कुछ बड़ा हो रहा है। और ब्रह्मांड के संबंध में, यह सच है, कुछ हद तक। विस्तार का मतलब यह भी हो सकता है कि 'सब कुछ हमसे दूर होता जा रहा है', जो ब्रह्मांड के संबंध में भी सच है। दूर स्थित आकाशगंगाओं पर दूरबीन घुमाएं तो वे सभी हमसे दूर जाती हुई प्रतीत होंगी। इसके अलावा, वे जितनी दूर होती हैं, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ती हुई दिखाई देती हैं। वे आकाशगंगाएं एक-दूसरे से दूर होती हुई भी दिखाई देती हैं। इसलिए यह कहना अधिक सटीक होगा कि ब्रह्मांड में हर चीज एक साथ हर चीज से दूर होती जा रही है।



## संक्षेप

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में अमेठी को 6वीं रैंक

**अमेठी डीएम संजय चौहान ने गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर**

अमेठी , जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में जून 2026 की रैंकिंग में अमेठी को प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त हुआ। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को लक्ष्यों को समय पर पूरा करने और रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को अपनी योजनाओं के लक्ष्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से अपने विभाग की प्रगति की स्वयं समीक्षा करने और रैंकिंग सुधारने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि जून 2026 में प्रदेश में अमेठी की छठी रैंक आई है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को अगली बार और बेहतर रैंक प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने खराब रैंकिंग वाले विभागों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। डीएम ने जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के सत्यापन, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल और जनता दर्शन की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए।

### ई-ग्राम स्वराज पर 33.98 लाख खर्च की एंट्री

**अमेठी के गांव में पंचायत भवन नहीं मिला, जांच शुरू**

अमेठी , संग्रामपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत ठेंगहा में पंचायत भवन की मरम्मत के नाम पर 33.98 लाख रुपये खर्च दिखाए जाने के मामले की जांच शुरू हो गई है।जांच टीम को मौके पर पंचायत भवन ही नहीं मिला। अब ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज खर्च और भुगतान के रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।जांच टीम पहुंची तो नहीं मिला पंचायत भवन शिकायत मिलने के बाद अवर अभियंता विनोद कुमार सिंह और तकनीकी सहायक संजय कुमार मंगलवार को ग्राम पंचायत ठेंगहा पहुंचे। मौके पर निरीक्षण के दौरान उन्हें गांव में पंचायत भवन नहीं मिला।ग्रामीणों और ग्राम प्रधान ने भी बताया कि पंचायत का कार्यालय फिलहाल एक निजी भवन में संचालित हो रहा है और गांव में कभी पंचायत भवन का निर्माण ही नहीं हुआ।ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की एंट्री पर उठे सवाल मौके पर पंचायत भवन नहीं मिलने के बाद ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर दर्ज ₹पंचायत भवन मरम्मत₹ के कार्य और उस पर खर्च दर्शाई गई 33 लाख 98 हजार 750 रुपये की धनराशि पर सवाल खड़े हो गए हैं।जांच अधिकारियों ने संबंधित अभिलेखों की पड़ताल शुरू कर दी है।ग्राम विकास अधिकारी से मांगे गए रिकॉर्ड जांच के समय ग्राम विकास अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। अधिकारियों ने उनसे फोन पर बात कर संबंधित कार्य के अभिलेख, भुगतान विवरण, बैंक रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# प्रेशर हॉर्न से गूंज रहा कैसरगंज बाजार, व्यापारी व आमजन बोले, ध्वनि प्रदूषण से दिलाइए निजात

**भारी वाहनों के तेज हॉर्न से बच्चे, बुजुर्ग और मरीज हो रहे परेशान, व्यापारियों ने सरकार व प्रशासन से की कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज नगर में भारी वाहनों, विशेषकर ट्रकों में लगे प्रेशर हॉर्न लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। बाजार से गुजरने वाले ट्रकों के तेज और कर्कश हॉर्न की आवाज से पूरा बाजार गूंज उठता है, जिससे दुकानदारों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।व्यापारियों का कहना है कि दिनभर बाजार में ट्रकों और अन्य भारी वाहनों का आवागमन रहता है। जैसे ही चालक प्रेशर हॉर्न बजाते हैं, उसकी तेज आवाज से छोटे बच्चे घबरा जाते हैं, बुजुर्ग असहज महसूस करते हैं और कई बार मरीजों व महिलाओं को भी परेशानी का



सामना करना पड़ता है। अचानक आने वाली तेज आवाज से लोगों में बेचैनी और तनाव की स्थिति पैदा हो जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रेशर हॉर्न केवल ध्वनि प्रदूषण ही नहीं फैलाते, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा देते हैं। बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में इस तरह के हॉर्न का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। कैसरगंज के व्यापारियों एवं नगरवासियों ने उत्तर प्रदेश सरकार, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए।साथ ही ऐसे वाहनों में मानक के अनुरूप कम ध्वनि वाले हॉर्न लगाने को अनिवार्य किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और बाजार का वातावरण शांत एवं सुरक्षित बना रहे।

व्यापारीः प्रेशर हॉर्न की तेज आवाज से दिनभर दुकान पर बैठना मुश्किल हो जाता है। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। प्रशासन को इस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय व्यापारी

# विद्युत उपकेन्द्र मटेरा पर तैनात एसएसओ की सेवाएं होगी समाप्त

**आपत्तिजनक टिप्पणी के वायरल आडियों का लिया गया संज्ञान**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। अधीक्षण अभियन्ता नवीन चन्द्र प्रसाद ने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड, नानपारा के अधीनस्थ 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र मटेरा पर वाह्य सेवा प्रदाता मेसर्स आल सर्विसेज ग्लोबल प्रा.लि., लखनऊ के माध्यम से एस.एस.ओ. के पद पर तैनात किये गये मुकेश श्रीवास्तव, कुशल संविदाकर्मी के द्वारा एक विषेश समुदाय के विरूद्ध किये गये आपत्तिजनक टिप्पणी के वायरल आडियों का संज्ञान लेते हुये एस.एस.ओ. मुकेश श्रीवास्तव की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त किये जाने हेतु सम्बन्धित वाह्य सेवा प्रदाता संस्था को निर्देशित किया गया हैं।साथ ही एस.एस.ओ. मुकेश श्रीवास्तव के स्थान पर कुशल व शुद्ध आचरण वाले व्यक्ति की तैनाती करा दी गयी है।

# ग्रामीणों का प्रदर्शन, सड़क निर्माण की मांग

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच।जिले के विकासखंड शिवपुर के ग्राम पंचायत नकहा अंतर्गत मजरा पंडित पुरवा में सड़क न बनने से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ रोष जताया और जल्द सड़क निर्माण की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ता है।प्रतिदिन हजारों लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों का भी इसी रास्ते से आवागमन होता है।बरसात में सड़क पर कीचड़ और जलभराव हो जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों, किसानों और महिलाओं को भारी परेशानी होती है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सड़क का निर्माण नहीं कराया गया।इस संबंध में बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की।

पंकज मिश्रा ने कहा कि सड़क गांव के विकास की आधारशिला है। लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।प्रदर्शन में पंकज मिश्रा, निरंजन कुमार, अनूप, दुलारे, राजू, सौरभ मिश्रा, बाबूराम, दिनेश कुमार, सूरज शर्मा, संगीता देवी, मीरा देवी, आरती देवी, शांति देवी, अलका, सुशीला देवी, राम लली सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

# नवागत थाना प्रभारी ने संभाला कार्यभार , पत्रकारों से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। नवागत थाना प्रभारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने रुपईडीहा थाने का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के उपरांत उन्होंने क्षेत्र के पत्रकारों से शिष्टाचार भेंट कर परिचय प्राप्त किया तथा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा नशे के खिलाफ अभियान और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। थाना प्रभारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने पत्रकारों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुलिस और मीडिया समाज के प्रति अपनी-अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। दोनों के समन्वय से क्षेत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था एवं जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी




बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा क्षेत्रहित में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।रुपईडीहा पत्रकार संघ के साथ रुपईडीहा क्षेत्र के पत्रकार सम्मलित हुए।

# अपना दल कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**किसानों की समस्याओं पर सरकार को घेरा, मंडल अध्यक्ष बोले- खेती को बर्बाद कर रही सरकार**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , अपना दल (कमेरावादी) ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यह आयोजन जिलाध्यक्ष मौलाना पंडित अर्जुन सिंह पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।धरने में फैजाबाद अयोध्या मंडल के अध्यक्ष सुरेश पटेल (टाइगर) के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा। मुख्य अतिथि सुरेश पटेल 'टाइगर' ने राज्य और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियां किसान विरोधी हैं और यह किसानों की खेती को पूरी तरह बर्बाद कर रही है सुरेश पटेल ने कहा कि सरकार बनते ही यूरिया की बोरी का वजन कम कर दिया गया और उसके दाम बढ़ा दिए गए। उन्होंने डीएपी एवं




यूरिया की कृत्रिम किल्लत और भारी कालाबाजारी का मुद्दा उठाया, जिसके कारण किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने में विफल रही है। सुरेश पटेल ने यह भी कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने से वाहनों में खराबी और माइलेज कम होने की शिकायतें आ रही हैं, जिस पर सरकार ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने जिले में बिजली की अनियमित कटौती पर तुरंत रोक लगाने और किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में बढ़ रहे अपराधों और सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी लगाम कसने की मांग की गई। धरने को मंडल सचिव सुरेन्द्र पटेल, जिला सचिव बृजलाल विश्वकर्मा और मंडल सचिव घनश्याम पटेल सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने सरकार की नीतियों की आलोचना की। इस अवसर पर जिले के समस्त पदाधिकारी और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व किसान मौजूद रहे।

# चाय दुकानदार से मारपीट

**बस स्टैंड पर चेन-नगदी लूटी, सीओ सिटी बोले-आरोपियों को हिरासत में गया लिया**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर , बस स्टैंड पर एक चाय दुकानदार के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। दबंगों ने दुकानदार से सोने की चेन और 600 छीन लिए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। घटना कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड पर स्थित 'चाय स्टेशन' नामक दुकान में हुई। पुरानी बाजार, शाहगंज निवासी अंशु कुमार इस दुकान का संचालन करते हैं। पीड़ित अंशु कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सुबह करीब 10:00 बजे सचिन दुबे, निशांत और रणविजय सिंह अपने कुछ साथियों के साथ उनकी दुकान पर आए। आरोपियों ने दुकान पर आते ही अंशु कुमार को गालियां देना शुरू कर दिया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो सभी आरोपियों ने मिलकर उस पर



हमला कर दिया। उन्होंने अंशु कुमार को लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके गले से सोने की चेन और जेब में रखे ?600 जबरन छीन लिए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। अंशु कुमार ने बताया कि इससे पहले भी 10 जुलाई को इन लोगों ने उनके साथ विवाद किया था और अक्सर दुकान पर आकर झगड़ा करते रहते हैं।

# जामो में 11000 वोल्ट लाइन से करंट फैला

**स्टे तार की चपेट में आने से तीन भैंसों की मौत, किसान ने मांगा मुआवजा**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , जामो थाना क्षेत्र में विद्युत विभाग की कथित लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा हो गया। हरगांव स्थित सरकारी ट्यूबवेल के पास 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन के खंभे में लगे स्टे तार में करंट उतर आया, जिसकी चपेट में आने से एक किसान की तीन भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई।यह घटना जामो थाना क्षेत्र के हरगांव में हुई। किसान बसंतलाल वर्मा पुत्र मथुरा प्रसाद वर्मा की तीन भैंसें 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन के स्टे तार के संपर्क में आ गईं, जिससे उनकी तत्काल मृत्यु हो गई। इस हादसे से किसान परिवार सदमे में है। किसान बसंतलाल वर्मा के अनुसार, इस घटना से उन्हें लगभग 2 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने विद्युत विभाग और अमेठी प्रशासन से इस क्षति के लिए उचित



मुआवजे की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त की।इस संबंध में, अधिशाषी अभियंता अभिषेक सचान ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच के बाद पीड़ित किसान को नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा और दोषी विद्युतकर्मियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ओवरटेक को लेकर दो पक्ष भिड़े

**कार सवार ने स्कूटी वाले पर तानी पिस्टल, जान से मारने की दी धमकी**

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़ , थाना गांधी पार्क क्षेत्र में देर रात साढ़े 12 बजे ओवरटेक को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। रेलवे रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने एक्टिवा और इनोवा कार की मामूली टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि कार सवार युवक ने स्कूटी चालक पर पिस्टल तानकर गोली मारने की धमकी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से पिस्टल बरामद कर ली। पीड़ित सौरभ मित्तल ने बताया कि वह गांधी पार्क बस स्टैंड की ओर से सूतमिल स्थित मयूर विहार स्थित अपने घर जा रहे थे। रेलवे रोड पर उन्होंने सामने चल रही इनोवा कार को ओवरटेक किया। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच मामूली टक्कर हो गई,



जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई।

### 'गोली मार दूंगा' कहकर तानी पिस्टल

सौरभ मित्तल का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर इनोवा सवार युवक ने पिस्टल निकालकर उनकी ओर तान दी और कहा, ₹तुम्हें गोली मार दूंगा।₹ घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संभाली स्थिति

सूचना मिलते ही गांधी पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर आरोपी को काबू में लिया और उसके कब्जे से पिस्टल बरामद कर ली। इसके बाद आरोपी और बरामद हथियार को पुलिस चौकी ले जाया गया।

### आरोपी की पहचान

पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान थाना सासनी गेट क्षेत्र निवासी दीपक उपाध्याय के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि वह अपनी कार में लाइट लगवाने के लिए जा रहा था। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। बरामद पिस्टल के लाइसेंस और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तालाब में पैर फिसलने से युवक की मौत

**जलकुंभी के बीच डेढ़ घंटे चला रेस्क्यू, दो मासूम बेटों के सिर से उठा पिता का साया**

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,जैतीपुर थाना क्षेत्र के भिटारा गांव में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। तालाब में जलकुंभी और कीचड़ अधिक होने के कारण ग्रामीणों को उसे बाहर निकालने में करीब डेढ़ घंटे तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। परिजन उसे गंभीर हालत में सीएचसी जैतीपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया पैर फिसलने से हुआ हादसा जानकारी के अनुसार, भिटारा गांव निवासी 32 वर्षीय नरसिंह पुत्र शंकर लाल के तौर पर हुई है। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। तालाब में जलकुंभी और कीचड़ अधिक होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सका। सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या



में मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी सूचना दी गई।

### डेढ़ से दो घंटे के रेस्क्यू अभियान के बाद मिला शव

ग्रामीणों ने करीब डेढ़ से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नरसिंह को तालाब से बाहर निकाला। उस समय उसकी सांस चलती हुई प्रतीत होने पर परिजन उसे तत्काल सीएचसी जैतीपुर लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की डूबने से मौत हुई है और मामले की जांच की जा रही हैदो बेटियों के सर से उठा पिता का सायामृतक नरसिंह अपने चार भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था। वह अपने पीछे पत्नी काजल और दो छोटे बेटों को छोड़ गया है। पति की असामयिक मौत से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पद्मावत एक्सप्रेस में सीटीआई रिश्वत लेते कैमरे में कैद

**यात्री से पैसे लेने का वीडियो आया सामने, डीसीएम ने किया सस्पेंड**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,पद्मावत एक्सप्रेस में एक यात्री से कथित तौर पर रिश्वत लेने के आरोप में मुख्य टिकट निरीक्षक (सीटीआई) संजय मिश्र को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद की गई, जिसमें उन्हें कथित रूप से पैसे लेते हुए देखा जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, सीटीआई संजय मिश्र मां बेल्हा देवी धाम जंक्शन से पद्मावत एक्सप्रेस में दिल्ली जा रहे थे। आरोप है कि उन्होंने एसी कोच में बिना टिकट यात्रा कर रहे एक यात्री को सीट दिलाने के बदले पैसे लिए। बताया जा रहा है कि ट्रेन में मौजूद एक अन्य यात्री ने कथित घटना का वीडियो बना लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो करीब छह दिन पुराना बताया जा रहा है। प्राथमिक जांच के बाद निलंबन मामले की प्राथमिक जांच के बाद सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता ने सीटीआई संजय मिश्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही पूरे मामले की विभागीय जांच के आदेश भी जारी किए गए हैं। मुख्य टिकट पर्यवेक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सीनियर डीसीएम के आदेश पर सीटीआई को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय जांच जारी है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

**गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए खोदे गए थे गड्ढे, सुबह ग्रामीणों ने उतराता देखा शव**

अमन लेखनी समाचार

प्रतापगढ़,महेशगंज थाना क्षेत्र के अहलादगंज रायगढ़ गांव में गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए खोदे गए एक तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक व्याप्त है। मृतक की पहचान 35 वर्षीय धीरेंद्र गौतम, पुत्र स्व. राज बहादुर, के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि धीरेंद्र शाम शौच के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। सुबह ग्रामीणों ने तालाब में एक शव तैरता देखा। इसकी सूचना तत्काल महेशगंज पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को तालाब से बाहर निकलवाया।शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। धीरेंद्र अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले



सदस्य थे। उनके पिता का पहले ही निधन हो चुका था और घर में उनकी वृद्ध मां अकेली रहती हैं। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी और उसके आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### राजस्व वसूली में लापरवाही पर डीएम सख्त

**कलेक्ट्रेट सभागार में बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई के दिए निर्देश**

बागपत, कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राजस्व वादों, राजस्व वसूली, सीएम डैशबोर्ड की प्रगति और आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों से समयबद्ध वसूली सुनिश्चित की जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि अमीन नियमित रूप से गांवों में वसूली अभियान चलाएं और तहसीलदार भी बड़े बकायेदारों के खिलाफ छापेमारी करें। इसके अतिरिक्त, गांवों में मुनादी कराकर बकायेदारों को जागरूक किया जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि बड़े बकायेदारों के नाम, फोटो और मोबाइल नंबर तहसील कार्यालयों के सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खनिज देय, व्यापार कर, बैंक देय और स्टांप शुल्क वसूली की भी समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने एसडीएम और तहसीलदारों को खनन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एआरटीओ को ओवरलोड वाहनों और स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच में सख्ती बरतने के लिए कहा गया। डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जोर दिया कि असंतुष्ट फीडबैक वाले मामलों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जवाबदेही के साथ कार्य करें। इस समीक्षा बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, जिला आबकारी अधिकारी, जिला खनन अधिकारी, सभी एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 50 से ज्यादा डॉग बाइट के मरीज पहुंच रहे अस्पताल

**डॉक्टर बोले– काटते ही घाव धोएं, तुरंत लगवाएं इंजेक्शन**

बागपत,कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में रोजाना 50 से अधिक मरीज रेबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों ने कुत्ते या किसी भी जहरीले जानवर के काटने पर तुरंत सावधानी बरतने की अपील की है। डॉक्टरों के अनुसार, यदि कोई जहरीला पशु काट ले, तो घाव को तुरंत बहते पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। घाव पर कोई अन्य पदार्थ लगाने से बचना चाहिए और रेबीज का इंजेक्शन लगवाना अत्यंत आवश्यक है ताकि संक्रमण से बचा जा सके। बागपत जिला अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट मुकेश शर्मा ने जानकारी दी कि जिले के विभिन्न हिस्सों से प्रतिदिन लगभग 50 मरीज आते हैं। इनमें से 90 प्रतिशत मामले कुत्तों के काटने के होते हैं, जबकि 10 प्रतिशत मरीज बंदरों के काटने के बाद उपचार के लिए पहुंचते हैं। नागरिकों को विशेष सावधानी डॉक्टरों ने बताया कि मौसम बदलने के साथ कुत्ते अधिक आक्रामक हो जाते हैं।

## चोरों ने ताला काट कर सात बकरियां की फरार

**नव आगंतुक थाना प्रभारी का भी चोरों को नहीं रहा कोई भय**

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव चंदीपुर में चोरों ने फिर वारदात की क्षेत्र में बढ़ती चोरियों की संख्या बढ़ाते हुए चोरों ने गांव के निवासी जय कुमार पुत्र शिवलाल के मकान में आगे बंधी हुई 16 बकरियों में सात बकरी चोरों ने पार कर दिया पीड़ित ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि देर शाम सभी बकरियों को मकान में आगे बांधकर बाउंड्री के गेट में ताला लगा दिया गया था वही पीछे की तरफ अंदर सभी लोग खाना पीना खाकर सो गए अर्धरात्रि के समय अज्ञात चोर मुख्य दरवाजे का ताला काट कर अंदर घुसे तथा चार बकरा तीन बकरी अपने एक वाहन में लादकर रफू चक्कर हो गए बची हुई कुछ बकरियों की आवाज सुनकर परिजन बाहर निकले तब तक चोर गायब हो चुके थे वहीं परिजनों ने कुछ दूर पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कराऐ जिसमें घटना रात्रि लगभग 1:30 बजे की प्रतीत हुई इस घटना में पीड़ित का लगभग 1 लाख रुपए का नुकसान हुआ वहीं थाना प्रभारी ने पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों को खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश प्रारंभ की

## जहरीले सर्प ने पशु को बनाया शिकार मवेशी की मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव इब्राहिमपुर टांडा के निवासी ग्रामीण राजेश कुमार की भैंस को एक जहरीले सर्प ने अपना शिकार बना लिया पीड़ित ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित प्रार्थना पत्र सूचना के रूप में प्रस्तुत करते हुए बताया कि विगत दिवस बुधवार देररात्रि अपनी बेस कीमती भैंस को घर के बाहर बांध दिया और खाना पीना खाकर सभी लोग सो गए अगले दिन गुरुवार सुबह नींद खुलने के पश्चात प्रातः काल देखा गया की भैंस मृत अवस्था में पड़ी हुई थी वही बारीकी से निरीक्षण करने पर दिखाई दिया की भैंस के शरीर पर जहरीले सर्प के दांत के निशान बने हुए थे पीड़ित ने नजदीकी पशु चिकित्सक को बुलाया तथा जांच कराई जहां चिकित्सक ने भी भैंस को मृत घोषित कर दिया ग्रामीण एवं पीड़ित के अनुसार इस घटना के बाद किसान का लगभग सवा लाख रुपए का नुकसान हुआ किसान ने नजदीकी थाना जहानाबाद में लिखित प्रार्थना पत्र सूचना के रूप में देते हुए उचित सहायता हेतु अरदास लगाई वहीं थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित ने सूचना के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जहां पीड़ित की भैंस की मौत जहरीले सर्प के काटने से हुई है

## ट्रेन की चपेट में आ जाने से किसान की हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के औंग थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रामपुर निवासी 65 वर्षीय किसान मुकुट सिंह कछवाह की ट्रेन की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग किसान कल गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे अपने घर से खेत की तरफ टहलने जा रहा था तभी गांव के किनारे रेल मार्ग पार करते समय अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही पत्नी सहोद्रा समेत परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया परिजनों ने बताया कि मृतक अपनी पत्नी के साथ रामपुर गांव में निवास कर रहे थे जबकि मृतक के बच्चे पैतृक गांव जाफरगंज थाना क्षेत्र के चरई गांव में निवास करते हैं जानकारी लेने पर थाना प्रभारी दिनेश शुक्ला ने बताया कि सूचना मिलने पर वह स्वयं मौके पर पहुंचे जहां जानकारी ली तो पत्नी अपने मायके चली गई थी तथा घटना के दिवस बुजुर्ग अपने घर में अकेला था थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहपुर भेजो

## शास्त्रीनगर के लागों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

**तीन महीने तक चला धरना रहा विफल, छोड़ना होगा सेटबैक**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ,शास्त्रीनगर सेंट्रल मार्केट के भविष्य पर सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई। सुनवाई शुरू होते ही बाजार और धरना स्थल पर बेचैनी बढ़ गई थी। सेक्टर-2 में महिलाओं ने सुंदरकांड का पाठ किया। तीन महीने से आंदोलन कर रहे व्यापारी और परिवार फैसले का इंतजार किया लेकिन फैसला उनके हक में न आने के बाद उनके चेहरे उतर गए और महिलांओं की आंखों में आंसू आ गए। वहीं, व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने प्रदर्शन, जनप्रतिनिधियों से मुलाकात और कानूनी प्रयास समेत हर संभव कोशिश की, लेकिन राहत नहीं मिली। हमारे छोटे- छोटे घर आज टूटने की कगार पर आ गए हैं और हमारी सरकार के जनप्रतिनिधि कहीं गायब हो गए हैं। 44 भवनों को सील किया जा चुका



दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 17 दिसंबर 2024 को स्कीम नंबर-7 के आवासीय भवनों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद आवास एवं विकास परिषद ने 8 अप्रैल 2026 को पूर्ण रूप से व्यावसायिक उपयोग में पाए गए 44 भवनों को सील कर दिया था। साथ ही 815 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए थे तीन महीने के इस समय में व्यवारियों द्वारा लगातार प्रदर्शन करने के साथ- शहर बंद करने की घोषणा, नोटिस का विरोध जलप्रिनिधियों से मुलाकात, वकीलों से मुलाकात और तमाम काम किए गए लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ।

## होटल में चल रहा था सेक्स रैकेट

**पुलिस की रेड पड़ते ही भागने लगीं लड़कियां; दिल्ली और गाजियाबाद से बुलाई गईं थीं**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। जिस्मफरोशी का यह धंधा शहर के कंकरखेड़ा इलाके के ड्रीम हॉलिडे होटल में चल रहा था। शाम 6 बजे अचानक छापे का शोर मचा तो हंगामा मच गया। होटल में मौजूद युवक और लड़कियां भागने लगीं। पुलिस ने चार लड़कियों और एक युवक को हिरासत में ले लिया है। जबकि कमरे में छापेमारी के दौरान पुलिस को आपत्तिजनक सामग्री मिली है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दिल्ली और गाजियाबाद की चार युवतियां मिलीं

पुलिस ने छापेमारी के दौरान होटल से चार युवतियों को हिरासत में लिया। शुरूआती पूछताछ में पता चला कि सभी युवतियां मेरठ की रहने वाली नहीं हैं। इनमें दो युवतियां दिल्ली और दो गाजियाबाद की बताई गई हैं। फिलहाल पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है और उनके होटल तक पहुंचने व यहां ठहरने के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।



### छापेमारी के दौरान होटल मालिक फरार, मैनेजर गिरफ्तार

पुलिस की छापेमारी के दौरान होटल मालिक रोहित मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि रोहित सतवाई का रहने वाला है। पुलिस टीम को देखकर वह होटल से भाग निकला। मौके से पुलिस ने होटल मैनेजर गुलफाम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब फरार होटल मालिक की तलाश में जुटी है।

### होटल के रजिस्टर में मिलीं कई खामियां

छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल के रजिस्टर की भी जांच की। जांच में रजिस्टर में कई अनियमितताएं और खामियां मिलीं। पुलिस ने जब मैनेजर गुलफाम से रजिस्टर में दर्ज जानकारी और होटल संचालन को लेकर पूछताछ की तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। शुरूआती जांच में सामने आया कि होटल में कमरों के लिए 1000 से 1500 रुपए तक का किराया वसूला जाता था।

### व्हाट्सएप पर फोटो भेजकर उपलब्ध पर कराई जाती थी युवतियां

आरोप है कि ग्राहकों को व्हाट्सएप पर युवतियों की तस्वीरें भेजी जाती थीं और मांग के अनुसार उन्हें होटल बुलाया जाता था। हालांकि, इस संबंध में पुलिस ने आधिकारिक तौर पर अभी पुष्टि नहीं की है और जांच जारी है।

## अधीक्षण अभियंता समेत 7 अधिकारियों का ट्रांसफर

**बिजली कटौती पर एमडी सख्त, जनता की शिकायतों के बाद एक्शन**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,बिजली कटौती पर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) ने सख्त कार्रवाई की है। प्रबंध निदेशक (एमडी) ने एक अधीक्षण अभियंता, एक अधिशासी अभियंता और पांच उपखंड अधिकारियों (एसडीओ) का तबादला कर दिया। इनमें कई अधिकारियों को जिले से बाहर भेजा गया है। कार्रवाई के तहत शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता मोहम्मद अरशद को हटाकर एमडी कार्यालय से संबद्ध किया गया है। वहीं, 33 केवी के अधिशासी अभियंता अंकित वशिष्ठ का तबादला देवबंद (सहारनपुर) कर दिया गया है। जा रहा है कि लगातार बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही थीं। समीक्षा में लापरवाही सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया। कार्रवाई के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। पांच एसडीओ पर भी की गई कार्रवाई एमडी रवीश गुप्ता ने 5 उपखंड अधिकारी पर भी गाज गिरा दी है। इनमें एसडीओ मोहम्मद जसीम अख्तर, एसडीओ अमित कुमार मिश्रा, एसडीओ संतोष कुमार, एसडीओ सतीश चंद्र और एसडीओ रूपेश कुमार के नाम शामिल हैं। एसडीओ जसीम अख्तर को गजरौला, एसडीओ रूपेश कुमार को शहरी क्षेत्र से हटकर देहात, एसडीओ सतीश चंद्र को मुजफ्फरनगर, एसडीओ अमित कुमार मिश्रा और संतोष कुमार को सहारनपुर का रास्ता दिखाया गया है। इन सभी की बड़ी लापरवाही सामने आई है जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पड़ी भारीबिजली कटौती को लेकर लगातार हंगामे हो रहे हैं। जनप्रतिनिधि भी कई मामलों में सड़क पर दिखाई दिएलेकिन इन अफसरों पर जरा भी फर्क नहीं पड़ा।

## तिहाड़ जेल से चल रहा था हथियार तस्करी का नेटवर्क

**कोवर्ड थे- 'भैंस' मतलब पिस्टल, 'दाना' मतलब कीमत, गाजियाबाद से 3 सप्लायर गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , गाजियाबाद में हथियार सप्लाई करने वाले गैंग के 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, तीनों पिछले दो साल से हथियारों की तस्करी कर रहे थे। गैंग का सरगना दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है और वहीं से पूरे नेटवर्क को ऑपरेट करता था। पूछताछ में सामने आया है कि गैंग वेस्ट यूपी, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में 100 से ज्यादा अवैध हथियार सप्लाई कर चुका है। पुलिस से बचने के लिए आरोपी कोड वर्ड का इस्तेमाल करते थे। 32 बोर की पिस्टल को 'भैंस' और कीमत को 'दाना' कहा जाता था। दोपहर पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया। आरोपियों के पास से 7 पिस्टल, 22 कारतूस और एक थार बरामद मिली है।

### प्रॉपर्टी डीलिंग की आड़ में जुड़ा हथियारों का नेटवर्क

पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 7 बजे स्वाट टीम ने मुखबिर की सूचना पर लोनी क्षेत्र से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें राजीव गार्डन इंद्रापुरी निवासी अरुण कुमार, ट्रोनिका सिटी के सुधीर एन्क्लेव निवासी रंजीत राय और दिल्ली के सोनिया विहार निवासी अभिषेक शर्मा हैं। अभिषेक और रंजीत प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। पूछताछ में अभिषेक शर्मा ने बताया कि वह अंकुर विहार के हयात एन्क्लेव में प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। रंजीत भी प्रॉपर्टी डीलर है। इसी काम के दौरान दोनों की मुलाकात अरुण से हुई। बाद में तीनों हथियार सप्लाई करने वाले




नेटवर्क से जुड़ गए। पुलिस के मुताबिक, गैंग का सरगना ट्रोनिका सिटी निवासी उमेश शर्मा उर्फ उमेश पंडित है। वो इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। जेल में मुलाकात के बहाने गैंग के सदस्य हथियारों की सप्लाई की योजना बनाते थे।व्हाट्सएप पर 'भैंस' और 'दाना' में होती थी बातचीतपुलिस से बचने के लिए आरोपी व्हाट्सएप पर कोड वर्ड का इस्तेमाल करते थे। 32 बोर की पिस्टल के लिए 'भैंस' शब्द बोला जाता था। कीमत को 'दाना' कहकर बताया जाता था। बातचीत में ₹भैंस महंगी है₹ कहकर हथियार की कीमत तय की जाती थी, जिससे किसी को शक न हो।मेरठ में बनते थे हथियार, शामली से होती थी खरीद पुलिस पूछताछ में पता चला कि अधिकांश पिस्टल मेरठ के लिसाड़ी गेट क्षेत्र में बनाई जाती थीं। अरुण का दोस्त शामली के थाना भवन क्षेत्र निवासी रितिक 30 से 35 हजार रुपए में अवैध पिस्टल उपलब्ध कराता था। इन्हें 50 से 55 हजार रुपए में आगे बेच दिया जाता था। पुलिस अब रितिक की तलाश कर रही है।

## पिंक बूथ के बाहर युवक की तड़प-तड़पकर मौत

**ऑटो चालक से विवाद के बाद थाने पहुंचा, 30 मिनट तक सड़क पर पड़ा रहा**

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद ,25 साल के एक युवक की पिंक बूथ के बाहर तड़प-तड़पकर मौत हो गई। आरोप है कि ऑटो चालक से मारपीट के बाद युवक संजयनगर सेक्टर-23 स्थित पिंक बूथ पहुंचा, लेकिन उसे अंदर जाने नहीं दिया गया। इसके बाद युवक ने शीशे के गेट पर हाथ मार दिया। कांच हाथ में घुसने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। करीब 30 मिनट तक वह सड़क पर खून से लथपथ तड़पता रहा। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला दोपहर करीब 3:30 बजे मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र का है। घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया है। मृतक की पहचान बिहार के सीवान निवासी राजकुमार (25) के रूप में हुई है। परिजनों ने पूरे मामले में पुलिस की लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें राजकुमार पिंक बूथ के बाहर सड़क पर खून से लथपथ पड़ा दिखाई दे रहा है। उसके हाथ से लगातार खून बह रहा है और सड़क पर भी काफी खून फैला हुआ है। वह दर्द से तड़पता नजर आ रहा है, जबकि आसपास लोग खड़े हैं। कुछ देर बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंचती है और उसे अस्पताल लेकर जाती है। सवारी बैठाने को लेकर हुआ विवाद बिहार के सीवान निवासी राजकुमार गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र के गुलधर में रहता था। वह ऑटो चलाकर परिवार का गुजारा करता था। पुलिस के मुताबिक, मेरठ रोड पर रविवार दोपहर दो ऑटो चालकों के बीच सवारी बैठाने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान दोनों ने शराब पी रखी थी विवाद बढ़ने पर दोनों के बीच मारपीट हुई, जिसमें राजकुमार घायल हो गया। मारपीट के बाद राजकुमार और दूसरा ऑटो चालक संजयनगर सेक्टर-23 स्थित पिंक बूथ पहुंचे। आरोप है कि बूथ का मुख्य गेट अंदर से बंद था। इसके बाद राजकुमार दूसरे गेट से अंदर जाने की कोशिश करने लगा, लेकिन अंदर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने गेट नहीं खोला। इसी दौरान उसने शीशे के गेट पर हाथ मार दिया, जिससे कांच टूट गया और उसके हाथ में धंस गया। इससे उसके हाथ से काफी खून बहने लगा। इसी बीच मौका पाकर दूसरा ऑटो चालक वहां से फरार हो गया। परिजनों का आरोप है कि घायल होने के बाद राजकुमार सड़क पर मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। करीब 30 मिनट बाद चौकी पर तैनात एक दरोगा ने एंबुलेंस बुलाकर उसे जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पिंक बूथ पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ-साथ डायल-112 की व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि यदि युवक घायल अवस्था में बूथ तक पहुंचा था तो तत्काल थाना पुलिस या डायल-112 को सूचना देकर उसे अस्पताल पहुंचाया जा सकता था। बोलीं- दोनों नशे में थे कविनगर एएसपी उपासना पाण्डेय ने बताया- मधुबन बापूधाम क्षेत्र में दो ऑटो चालकों के बीच विवाद हो गया था।

## ग्रेटर नोएडा में गंग नहर में बच्ची डूबी

**एनडीआरएफ ने तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया**

अमन लेखनी समाचार



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन के पास गंग नहर में सुबह 8 बजे नहाते समय एक आठ वर्षीय बच्ची डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची और बच्ची की तलाश के लिए व्यापक सर्च अभियान शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, दनकौर रेलवे स्टेशन के समीप झोपड़ी में रहने वाले संतोष की आठ वर्षीय बेटी ममता सुबह करीब नौ बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित गंग नहर में नहाने गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ममता पहले नहर किनारे नहा रही थी, लेकिन अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चली गई। नहर के तेज बहाव के कारण वह देखते ही देखते लापता हो गई। राहगीरों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिवार के लोग तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें नहर किनारे बच्ची के कपड़े रखे मिले, लेकिन ममता का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर काफी देर तक तलाश की, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया।

## ऑटो में बैठाकर लूट करने वाले दो गिरफ्तार

**एक नाबालिग भी पकड़ा गया, जबरन कराते थे पैसा ट्रांसफर**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा ,थाना सेक्टर-63 पुलिस ने ऑटो में सवारी से लूटपाट करने वाले गिरोह करने वाले दो आरोपियों को सोमवार रात को गिरफ्तार किया है। जबकि एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, 2,250 रुपये नकद, घटना में इस्तेमाल किया गया ऑटो और एक अवैध चाकू बरामद किया है। एडीसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि 24-25 जून 2026 की रात पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन युवकों ने उसे बरौला जाने के बहाने ऑटो में बैठाया। इसके बाद पर्थला पुल से सेक्टर-80 की सर्विस रोड स्थित सुनसान इलाके में ले जाकर उसका मोबाइल फोन और एक हजार रुपये लूट लिए। आरोपियों ने पीड़ित के मोबाइल के जरिए ऑनलाइन पैसे भी ट्रांसफर कर लिए। थाना सेक्टर-63 में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर



बी-1 चौराहे के पास बंद पड़े पेट्रोल पंप की ओर जाने वाली सर्विस रोड से दानिश मलिक और चंदन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। इनके साथ शामिल एक बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया गया। ऐसे देते थे वारदात को अंजाम पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दानिश रात में ऑटो चलाता था, जबकि चंदन चाय की दुकान संचालित करता था। दोनों ने मिलकर लूट की योजना बनाई थी। वे नोएडा के अलग-अलग इलाकों से सवारी बैठाकर उन्हें सुनसान स्थान पर ले जाते और मोबाइल, नकदी व अन्य सामान लूट लेते थे।

## सोसाइटी की लिफ्ट में चार बच्चियां फंसी

**हनुमान चलीसा का किया पाठ, 30 मिनट बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक हाई-राइज सोसाइटी में लिफ्ट अटकने का मामला सामने आया है। सोमवार रात गैलेक्सी वगैरा सोसाइटी की लिफ्ट में चार बच्चियां फंस गईं। इस दौरान बच्चों ने डरकर हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।सोसाइटी के निवासियों के अनुसार, लिफ्ट अचानक अटक गई और थोड़ी देर के लिए अंधेरा छा गया। हालांकि, कुछ ही देर में लाइटें जल गईं, लेकिन बच्चियां काफी घबरा गई थीं। वे करीब 30 मिनट तक लिफ्ट के अंदर फंसी रहीं। इस दौरान घबराई हुई बच्चियों ने लिफ्ट के अंदर बैठकर



हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। सोसाइटी के लोगों ने दावा किया कि करीब आधे घंटे तक लिफ्ट अटकी रही, जिसके बाद उन्हें किसी तरह बाहर निकाला गया। सोसाइटी के लोगों ने ही इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोसाइटी में लिफ्टों की हालत ठीक नहीं है और ऐसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। यह वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें चार बच्चियां लिफ्ट के अंदर हनुमान चालीसा का पाठ करती दिख रही हैं।

# पं नवीन को मिला मिस्टर फिजिक-2026ऱ का खिताब

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ ।फिटनेस एवं योग गुरु पं नवीन को मिला मिस्टर फिजिक-2026 का खिताब**



कृष्णानगर, लखनऊ के फैमलिया होटल मे आयोजित फैशन शो मे योगाचार्य पं नवीन को बतौर वी.वी.आई. पी. गेस्ट के रूप मे आर्मंत्रित किया गया ।योग और फिटनेस के क्षेत्र मे पहचान बनाने वाले योग गुरु पं नवीन को इस वर्ष 'मिस्टर फिजिक-2026 ' के खिताब से नवाजा गया फिटनेस गुरु पं नवीन ने अपने सम्बोधन मे बताया शरीर को फिट रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन अपनी दैनिक दिनचर्या मे योग को जरूर करना चाहिए। पं नवीन का कहना है योग, आसन, प्राणायाम से न सिर्फ हमारा शरीर फिट रहता है जबकि हमारा मन मस्तिष्क अच्छा कार्य करता है ।योग और स्वास्थ्य के क्षेत्र मे सेवा दे रहे पं नवीन को कई बार राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जा चूका है फैशन शो एवं मेकअप सेमिनार का आयोजन फैशन की दुनियाँ की जानी मानी हस्ती निधि श्रीवास्तव( फाउंडर ऑफ न्यू ट्रेंड मेकअप स्टूडियो )एवं डायरेक्टर अयूब खान के द्वारा किया गया जिसमें जूरी मेंबर की भूमिका मे प्रोफेसनल बॉलीवुड सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट उमा सिंह चौहान और सुनीता वर्मा ने निभाई कार्यक्रम मे बॉलीवुड की जानी मानी हस्तियाँ, प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्, वी. वी. आई पी गेस्ट मुकेश मिश्रा ( सीनियर जर्नलिस्ट, बी. जे. पी. लीडर, प्रेसीडेंट ऑफ दिव्यांगम इंटरनेशनल ट्रस्ट ), शनाया त्रिपाठी, रानी श्रीवास्तव, शहजादी नवाब पठान, ग्लोबल ब्लू डायमंड डायरेक्टर दिनेश यादव मौजूद रहे।

# संडीला में आधुनिक कृषि को बढ़ावा, छात्रावास निर्माण का भी हुआ शिलान्यास



अमन लेखनी समाचार

हरदोई। संडीला स्थित कृषि प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण केंद्र (उअळळ) का भ्रमण कर धान की विभिन्न फसलों, पोषण वाटिका तथा सौर ऊर्जा संचालित हाइड्रोपोनिक्स यूनिट का लोकार्पण किया गया।इस दौरान कृषकों से संवाद कर उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई।साथ ही ऱएक पेड़ मां के नामऱ अभियान के तहत परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इसके बाद हरदोई के राजकीय कृषि महाविद्यालय परिसर में लगभग 17.71 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 75 कमरों के बालक छात्रावास का विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

# हिंदुआरी में बनेगी आत्मनिर्भर वृहद गौशाला

**डीएमएफ फंड से 1.60 करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण।**

**जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने दी स्वीकृति, गोवंश संरक्षण को मिलेगी नई मजबूती।**

**वर्मी कम्पोस्ट यूनिट से होगी आय, आत्मनिर्भर मॉडल के रूप में विकसित होगी गौशाला।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सोनभद्र जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने नई हिंदुआरी में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन (डीएमएफ) फंड से एक आत्मनिर्भर वृहद गौशाला के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना पर 1 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत आएगी तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित गौशाला का उद्देश्य निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के संरक्षण, संवर्धन एवं समुचित पुनर्वास की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करना है।गौशाला में गोवंश के सुरक्षित आवास के लिए दो आधुनिक शेड बनाए जाएंगे, जिनके निर्माण पर 82.88 लाख रुपये व्यय होंगे। इसके अतिरिक्त चारा भंडारण के लिए 12.67 लाख रुपये की लागत से भंडारण कक्ष का निर्माण भी कराया जाएगा, जिससे वर्षभर चारे की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।उन्होंने बताया कि गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से परिसर में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से वर्मी कम्पोस्ट यूनिट स्थापित की जाएगी। गोबर से तैयार होने वाली जैविक खाद की बिक्री से प्राप्त आय का उपयोग गौशाला में गोवंश के चारा, पानी, उपचार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर किया जाएगा। इससे गौशाला का संचालन दीर्घकाल तक आर्थिक रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला में गोवंश के लिए स्वच्छ पेयजल, नियमित टीकाकरण, पशु चिकित्सा सुविधा तथा समुचित देखभाल की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। यह परियोजना गोवंश संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए चार अभियुक्त गिरफ्तार

**7,900 नगद एवं 52 ताश के पत्ते बरामद।**




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 14.07.2026 को क्षेत्र भ्रमण, वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान थाना शक्तिनगर पुलिस टीम ने राजकिशन पानी टंकी के नीचे, बहदग्राम खड़िया से चार व्यक्तियों को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया ।अभियुक्तों के कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते तथा मालफड़ एवं जामा तलाशी से कुल 7,900/- नगद बरामद हुए। इस संबंध में थाना शक्तिनगर पर मु0अ0सं0-139/2026, धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# छज्जा तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**एम्स पुलिस ने स्टेबलाइजर के साथ दबोचा, मुकदमे में धाराएं बढ़ाई गई**



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।थाना एम्स पुलिस ने चोरी के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया एक स्टेबलाइजर बरामद किया है। इस कार्रवाई के आधार पर मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पंजीकृत मुकदमा संख्या 197/2026 के तहत पुलिस ने अभियुक्त आदर्श जायसवाल उर्फ मंटू जायसवाल और हर्ष जायसवाल को गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) व 3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। घटना के अनुसार 11 जुलाई 2026 को अज्ञात चोरों ने वादी के घर का छज्जा तोड़कर स्टेबलाइजर चोरी कर लिया था। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना एम्स में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसकी विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में आदर्श जायसवाल उर्फ मंटू जायसवाल निवासी मुंडेरा बाजार वार्ड नंबर 15 शाही नगर थाना चौरी चौरा तथा हर्ष जायसवाल निवासी मुंडेरा बाजार वार्ड नंबर 9 चंद्रशेखर आजाद नगर थाना चौरी चौरा शामिल हैं।

# ओबरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई से साइबर ठगी के शिकार आवेदक को 20,000 की धनराशि कराई गई वापस

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रूणवाल के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ओबरा सदानन्द राय के नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस की साइबर टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए साइबर ठगी के शिकार आवेदक सुमित गुप्ता पुत्र गौतम प्रसाद गुप्ता, निवासी सेक्टर-02, ओबरा, जनपद सोनभद्र के फ्रॉड हुए 20,000 सफलतापूर्वक वापस कराकर उनके बैंक खाते में उपलब्ध करा दिए गए। धनराशि वापस मिलने पर आवेदक एवं उनके परिजनों ने थाना ओबरा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। आवेदक द्वारा डछ पर अपनी पुस्तकों की बिक्री हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। इसी दौरान एक अज्ञात साइबर ठग ने खरीदार बनकर उनसे संपर्क किया तथा विश्वास में लेकर दफ कोड स्कैन करने पर दोगुना पैसा मिलने का झांसा दिया। ठग के बहकावे में आकर आवेदक द्वारा दफ उङ्गी स्कैन करते ही उसके बैंक खाते से 20,000 की धनराशि धोखाधड़ीपूर्वक निकाल ली गई। घटना की सूचना प्राप्त होने पर थाना ओबरा पुलिस की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक तकनीकी एवं विधिक प्रक्रिया अपनाई गई, जिसके परिणामस्वरूप आवेदक की पूरी 20,000 की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। थाना ओबरा पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर दफ उङ्गी स्कैन न करें तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर घबराएं नहीं। तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930, ठउफढ पोर्टल अथवा अपने निकटतम पुलिस थाना/साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर शिकायत दर्ज कराने से ठगी गई धनराशि वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

# फन्दे से लटका मिला 15 वर्षीय किशोरी का शव, मचा हड़कम्प, जांच में जुटी पुलिस

**भिटौली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर देउरवा गांव की घटना**
**फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य**

अमन लेखनी समाचार



भिटौली / महाराजगंज भिटौली थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर देउरवा गांव में सोमवार शाम एक 15 वर्षीय किशोरी का शव कमरे मे फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी दशरथ यादव की पुत्री रागिनी यादव 15 वर्ष घर के अंदर फंदे से लटकी मिली। रागिनी के पिता रोजगार के सिलसिले में पुणे में रहते हैं। उसकी मां का निधन पिछले साल हो चुका था। वह अपने बाबा रामजी यादव और दादी गीता देवी के साथ गांव में रहती थी। घटना के समय बाबा-दादी खेत गए हुए थे। घर लौटने पर उन्होंने रागिनी का शव फंदे से लटका देखा। इसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधि कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पुलिस हर पहलुओं पर गहन से जांच कर रही है

## श्मशान घाट से सागौन की लकड़ी काटकर चोर हुए फरार, वन विभाग मौन, जांच में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



भिटौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलवा बुजुर्ग स्थित श्मशान घाट से अज्ञात चोरों द्वारा तीन पुराने सागौन के पेड़ काटकर चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना का पता बुधवार सुबह उस समय चला, जब ग्रामीण श्मशान घाट पहुंचे। पेड़ों के कटे हुए तने देखकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। ग्रामीणों के अनुसार श्मशान घाट पर वर्षों पुराने पेड़ लगे हुए थे, जिन्हें मंगलवार देर रात अज्ञात चोर आरी एवं अन्य औजारों की मदद से काटकर अपने साथ ले गए। सुबह मौके पर केवल कटे हुए तने और लकड़ी के अवशेष मिले, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई। ग्राम प्रधान एवं स्थानीय लोगों का कहना है कि श्मशान घाट की सुरक्षा के लिए न तो चारदीवारी की व्यवस्था है और न ही रात में किसी प्रकार की निगरानी होती है।

# रोवर तकनीक से पैमाइश हुई आसान, मण्डलायुक्त ने किया स्थलीय परीक्षण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। आधुनिक तकनीक के उपयोग से अब जमीन की पैमाइश का कार्य और अधिक सटीक व सरल हो गया है। इसी क्रम में मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने तहसील सदर क्षेत्र के जंगल औराही गांव में चक संख्या 306 की पैमाइश कार्य का स्थलीय परीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ तहसीलदार/डिप्टी कलेक्टर ज्ञान प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की सभी तहसीलों में उपलब्ध कराए गए ह्यरोवरह्ण उपकरण के माध्यम से पैमाइश की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया।

# सिविल सर्विसेज चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने के लिए सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय, लखनऊ के निदेर्शानुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में आयोजित होने वाले सिविल सर्विसेज चयन/ट्रायल में प्रतिभाग के लिए जनपद के पात्र सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह चयन प्रक्रिया जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाएगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी समीम अहमद ने बताया कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार केवल पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी ही इस प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र होंगे। परिषद, बोर्ड, नगर निगम, पंचायत, पुलिस विभाग के कुछ स्वायत्त निकायों तथा ऑटोनॉमस संस्थाओं के कर्मचारी इसमें पात्र नहीं होंगे। चयन प्रक्रिया जिला स्तरीय चयन समिति की देखरेख में संपन्न कराई जाएगी। जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन 06 अगस्त, 2026 को जिला खेल कार्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम, सोनभद्र में किया जाएगा।इसके बाद मंडल स्तरीय ट्रायल 12 एवं 13 अगस्त, 2026 को क्षेत्रीय खेल कार्यालय, विंध्याचल मंडल, मीरजापुर तथा प्रदेश स्तरीय ट्रायल 19 एवं 20 अगस्त, 2026 को आयोजित होंगे। चयन/ट्रायल में टेनिस, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, पावरलिफ्टिंग, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, क्रिकेट, हॉकी, खो-खो एवं योगासन सहित विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागी सरकारी कर्मचारी अपने विभाग से निर्धारित प्रारूप पर अनुमति प्राप्त कर आवश्यक विवरण सहित आवेदन के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होंगे। चयन/ट्रायल में भाग लेने की अवधि को ड्यूटी माना जाएगा तथा यात्रा भत्ता एवं अन्य देय भुगतान संबंधित विभाग द्वारा नियमानुसार किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सभी पात्र सरकारी कर्मचारियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# प्रधानमंत्री 447 करोड़ की रेलवे एलिवेटेड ट्रैक परियोजना राष्ट्र को करेंगे समर्पित

**उमरी में सिख संग्रहालय की रखेंगे आधारशिला**

**उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने किया।**

**परियोजनाओं का निरीक्षण 5 रेलवे फाटकों पर जाम से मिलेगी स्थायी राहत।**

अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को हरियाणा के जींद में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम के जरिए कुरुक्षेत्र शहर को 447 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित रेलवे एलिवेटेड ट्रैक की सौगात देंगे। इसी कार्यक्रम के दौरान गांव उमरी में प्रस्तावित सिख संग्रहालय परियोजना का भी शिलान्यास किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे और कुरुक्षेत्र में इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बुधवार को रेलवे एलिवेटेड ट्रैक तथा उमरी स्थित सिख संग्रहालय परियोजना स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 17 जुलाई के कार्यक्रम को लेकर सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे। 5 रेलवे फाटकों पर जाम से मिलेगी राहत उपायुक्त ने बताया कि एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शुरू होने के बाद शहर के बीच स्थित पांच प्रमुख रेलवे फाटक—झांसा रोड, कच्चा घेर, शास्त्री मार्केट, सिविल अस्पताल के सामने वाला फाटक तथा थर्ड गेट—पर लगने वाले लंबे ट्रैफिक जाम से लोगों को स्थायी राहत मिलेगी। अब ट्रेनें जमीन के ऊपर बने एलिवेटेड ट्रैक से गुजरेंगी, जिससे नीचे सड़क यातायात बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्षों से शहर के बीच से गुजरने वाली कुरुक्षेत्र-जींद रेलवे लाइन के कारण दिन में कई बार फाटक बंद होने से शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती थी। एलिवेटेड ट्रैक के शुरू होने से न केवल ट्रैफिक सुचारु रहेगा, बल्कि ट्रेनों की गति भी बढ़ेगी, जिससे यात्रियों का समय बचेगा। रेलवे ट्रायल रहा पूरी तरह सफल विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में एलिवेटेड ट्रैक का सफल ट्रायल किया जा चुका है। पिहोवा रोड से नए मुख्य रेलवे स्टेशन तक इंजन चलाकर ट्रैक की मजबूती और सुरक्षा का परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। इससे परियोजना के संचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। लोगों को आवागमन में होगी बड़ी सुविधा उन्होंने कहा कि झांसा, ठोल और धुराला सहित अन्य क्षेत्रों के लोगों को फाटक बंद होने के कारण लंबा इंतजार करना पड़ता था। मुख्य बाजार और शहर के विभिन्न हिस्सों में आने-जाने वाले लोगों को भी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता था। एलिवेटेड ट्रैक बनने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी और शहर की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में होगा स्थानीय कार्यक्रम

प्रधानमंत्री के जींद कार्यक्रम के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि होंगे। वहीं सांसद नवीन जिंदल और हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के रहेंगे पुख्ता इंतजाम उपायुक्त ने कहा कि 17 जुलाई के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# पन्नूगंज पुलिस साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड के शिकार व्यक्ति की 15,000 की सम्पूर्ण धनराशि कराई गई वापस

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराध एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर शुधीर सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक पन्नूगंज माधव सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना पन्नूगंज की साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड के शिकार एक व्यक्ति की 15,000 की सम्पूर्ण धनराशि उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई ।आवेदक देवेंद्र कुमार निवासी रामगढ़, थाना पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र के साथ साइबर ठगी कर 15,000 की धनराशि का फ्रॉड कर लिया गया था। शिकायत प्राप्त होने पर थाना पन्नूगंज की साइबर टीम द्वारा ठउफढ पोर्टल पर प्रकरण का तत्काल अवलोकन करते हुए संबंधित बैंक खाते में धनराशि होल्ड कराई गई। तत्पश्चात ट्रांजैक्शन से संबंधित आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर संबंधित बैंक से ई-मेल एवं पत्राचार के माध्यम से समन्वय स्थापित किया गया, जिसके फलस्वरूप आवेदक की फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि 15,000 उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। धनराशि वापस प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा थाना पन्नूगंज पुलिस एवं साइबर टीम के कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



# हैवान में साथ नजर आएंगे अक्षय और सैफ

**मुंबई।** लगभग 17 साल बाद सैफ अली खान और अक्षय कुमार फिल्म 'हैवान' में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म से उनके लुक भी सामने आ चुके हैं। एक्टर्स के लुक के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी साझा की गई है। फिल्म 'हैवान' का पोस्टर अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस पोस्टर में उनका लुक काफी खूंखार दिख रहा है। वहीं, सैफ अली खान भी काफी अलग नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ लिखा है, 'एक को सबकुछ दिखता है, एक से कुछ मिस नहीं होता है। हैवानियत अब नहीं रुकेगी।' फिल्म के पोस्टर को देखकर ही लग रहा है कि इसमें दोनों एक्टर्स के किरदार दर्शकों को हैरान करेंगे।

लाइफ Style



# तमन्ना
## रागिनी 3 की शूटिंग हुई शुरू

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, लेखक और निर्माता शशांक घोष 'रागिनी 3' का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में तमन्ना ने इस फिल्म की शूटिंग के पहले दिन की एक खास तस्वीर साझा कर फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।


तमन्ना भाटिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'रागिनी 3' के सेट से एक खास तस्वीर साझा कर फैंस का दिल जीत लिया है। तमन्ना ने 'रागिनी 3' के क्लैप बोर्ड के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस तस्वीर में क्लैप बोर्ड के ऊपर लिखा है- '15.07.26 दिन पहला' यानी इस फिल्म की शूटिंग 15 जुलाई से शुरू हो चुकी है। 'रागिनी 3' का निर्देशन शशांक घोष करेंगे, जिन्होंने 'वीरे दी वेडिंग' और 'खूबसूरत' जैसी हिट फिल्मों के अलावा 'फ्रेडी' और 'क्विक गन मुरुगन' जैसी लीक से हटकर फिल्में बनाई हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। बाकी स्टार कास्ट की जानकारी अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। इस फिल्म की निर्माता एकता कपूर हैं, जिन्होंने इस फिल्म के पहले के दोनों भागों का भी निर्माण किया है। अभी तक एकता कपूर की फिल्म 'रागिनी' के दो भाग रिलीज हो चुके हैं। अब एकता 'रागिनी 3' लेकर आ रही हैं। 'रागिनी 3' आगामी बॉलीवुड हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। इसे 'रागिनी एमएमएस' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग माना जा रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा इस फिल्म में जुनैद खान, नरगिस फाखरी और आयुष शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला




# द बैटमैन... का आया फर्स्ट लुक

लॉस एंजिल्स।' द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक सामने आ गया है। मैट रीव्स ने सोशल मीडिया पर एक छोटा सा टीजर शेयर किया है। टीजर में रॉबर्ट पैटिनसन बैटमैन के लुक में नजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत दमदार म्यूजिक से होती है। इसमें बैटमैन की पीठ दिखाई देती है और उनके आसपास बारिश हो रही होती है। वीडियो में पीछे पुलिस की गाड़ी की फ्लैशिंग लाइट्स भी नजर आती हैं। धीरे-धीरे बैटमैन कैमरे की तरफ मुड़ते हैं।



## द ओडिसी का जबरदस्त क्रेज, फैन ने टाली दूसरे बच्चे की प्लानिंग

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी'18 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज को तैयार है। बाकी फिल्मों की तरह इस फिल्म का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस दिल थाम कर इस फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' सिर्फ दर्शकों में उत्साह ही नहीं जगा रही, बल्कि लोग इसके लिए अलग-अलग तरीके भी अपना रहे हैं। अमेरिका की एक फैन ने बताया कि उन्होंने अपनी दूसरे बच्चे की प्लानिंग इसलिए टाल दी, ताकि वह फिल्म के ओपनिंग डे की आईमएक्स 70एमएम स्क्रीनिंग मिस न करें। इससे पता चलता है कि इस फिल्म के लिए फैंस कितनी हद तक जा रहे हैं। कैलिफोर्निया की 29 साल की एंबर कॉनाघन ने वैरायटी को बताया कि उन्होंने जानबूझकर अपनी फैमिली प्लानिंग कुछ समय के लिए टाल दी, ताकि वह 17 जुलाई को 'द ओडिसी' की स्क्रीनिंग देख सकें।



# फौजी की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। मेकर्स ने इसी के साथ एक दिलचस्प नया पोस्टर भी शेयर किया है। एक तरफ फैंस जहां बेसब्र हो गए हैं, वहीं अब दिसंबर के पहले हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 'फौजी' की टक्कर आलिया भट्ट, अजय देवगन और अक्षय कुमार की फिल्मों से भी होने वाली है। मैथ्री मूवी मेकर्स ने गुरुवार को एक नया और खतरनाक पोस्ट जारी करते हुए इसका ऐलान किया है, जिसमें प्रभास युद्ध के मैदान में बारिश में भीगते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथों में बंदूक है और शरीर खून से सना हुआ है। पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा है, 'अज्ञातपर्व का अंत। बगावत की शुरुआत। 'फौजी' 3 दिसंबर को दुनियाभर में बड़े पैमाने पर रिलीज होगी।' मेकर्स ने जो नया पोस्टर शेयर किया है।



# 1942 ए लव स्टोरी के 32 साल हुए पूरे

**नई दिल्ली।** अनिल कपूर और मनीषा कोइराला की ब्लॉकबस्टर फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' को रिलीज हुए 32 साल पूरे हो गए।। 1994 में रिलीज हुई इस फिल्म के गाने और कहानी आज भी लोगों को काफी पसंद आती है। फिल्म के 32 साल पूरे होने पर अब अनिल कपूर ने एक दिल छू लेने वाले पोस्ट शेयर किया है। साथ ही फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। अनिल कपूर ने फिल्म के 32 साल पूरे होने पर अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में अनिल कपूर के साथ फिल्म के बाकी कलाकार भी नजर आ रहे हैं। इनमें मनीषा कोइराला, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर जैसे फिल्म का हिस्सा रहे स्टार शामिल हैं। इसके साथ ही अनिल कपूर ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा।

टीवी मसाला

# बचपन में सोहेल को मिले थे सेक्सुअल हैरेसमेंट के जख्म


नई दिल्ली। एक्टर और फिल्ममेकर सोहेल खान पहली बार किसी रियलिटी शो में नजर आ रहे हैं। वो भी बतौर कंटेस्टेंट. ऐसे में उनके कई ऐसे किस्से भी सामने आए जिनसे फैंस आजतक अंजान थे। अब हालिया एपिसोड में सोहेल खान ने अपना सबसे दर्दनाक किस्सा शेयर किया।



उन्होंने बताया कि उन्होंने बचपन में यौन उत्पीड़न का सामना किया था। उन्होंने ये बात सालों तक सबसे छुपाकर रखी थी। सोहेल खान, अर्शलान गोनी, रूही और अली गोनी के साथ बैठे थे। तभी रैगिंग को लेकर बातचीत चली, तो एक्टर ने कहा कि अगर बच्चों के साथ कभी ऐसा होता है या फिर कोई लगातार परेशान करता है तो बच्चों को इसके बारे में खुलकर बोलना चाहिए। जब वह छोटे थे तो उन्होंने खुद सेक्सुअल हैरेसमेंट को फेस किया है। सोहेल खान ने बताया, 'एक शख्स ने मेरा सेक्शुअली हैरेस किया था। सालों तक मैं ये बात किसी कह नहीं सका था और अंदर ही दबाए बैठा था। जब मैं बड़ा हुआ और मैंने अपने पिता को ये बात बताई। तब उन्होंने समझाया कि इतने सालों तक वह क्यों चुप थे। मुझे ये बताने में बहुत शर्म आ रही थी। तब पिता ने समझाया कि इसमें मेरी कोई गलती नहीं थी। अब मैं अपने बच्चों को यही कहता हूं कि चाहे कुछ भी हो जाए सबकुछ बताओ।' अलायंस शो में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रहे शो में सोहेल खान इमोशनल होते भी नजर आए। शो के होस्ट कुणाल खेमू से उन्होंने कहा कि वह कई बार कई शो में जज और होस्ट के रूप में काम कर चुके हैं।

## दिशा-राहुल ने मनाई शादी की पांचवीं सालगिरह

नई दिल्ली। टीवी अभिनेत्री दिशा परमार और मशहूर सिंगर राहुल वैद्य की शादी को 16 जुलाई को 5 साल हुए। इस खास मौके पर दोनों ने सोशल मीडिया पर बेहद प्यारी तस्वीरें शेयर करके एक-दूसरे को बधाई दी। दिशा परमार ने इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं।



इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'तुम्हारे साथ मैं अपने सपनों की जिंदगी जी रही हूं।' दिशा ने आगे लिखा, 'मेरा पति सबसे बेस्ट है।' दिशा और राहुल ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरानी और नई यादों की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में दोनों के मुस्कुराते हुए चेहरे, दिशा के प्रेग्नेंट होने के दिनों की यादें और उनकी नन्ही बेटी नव्या की प्यारी झलकियां भी शामिल हैं। सिंगर राहुल वैद्य ने भी अपनी शादी के दिन की और कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ राहुल ने कैप्शन में लिखा, 'तुम्हारे साथ शादी के 5 साल, एक बेहद खूबसूरत सफर रहा।' इसके साथ ही राहुल ने लिखा कि वह हर दिन दिशा को ही चाहेंगे। राहुल और दिशा की प्रेम कहानी तब चर्चा में आई थी, जब राहुल वैद्य ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 14' में दिशा को शादी के लिए प्रपोज किया था। राहुल ने दिशा के 26वें जन्मदिन पर एक सफेद टी-शर्ट पहनी थी, जिस पर लाल रंग से 'मैरी मी' लिखा था। उन्होंने घुटनों के बल बैठकर दिशा के लिए अपने प्यार का इजहार किया था।

# इन चार फिल्मों में नजर आने वाले हैं कार्तिक...

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन का रूह बाबा वाला किरदार पिछले कुछ सालों में बॉलीवुड का सबसे पॉपुलर और यादगार किरदारों में शुमार हो चुका है। ऐसे में 'भूल भुलैया 4' को लेकर चल रही चर्चाओं ने फैंस की उत्सुकता को आसमान छू लिया है। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन सोशल मीडिया पर रूह बाबा की वापसी की खबरें पहले ही जोरों पर हैं। इसी बीच कार्तिक आर्यन की कई आने वाली फिल्मों को लेकर चर्चा तेज हो गई है



*अनटाइटल्ड म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा :* कार्तिक पहली बार मशहूर निर्देशक अनुराग बसु के साथ एक अनटाइटल्ड म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे. यह फिल्म एक गहरी और भावुक प्रेम कहानी पर आधारित है, जिसमें कार्तिक का इंटेंस और नया रोमांटिक अवतार देखने को मिलेगा. फैंस इस प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

*नागजिला :* नागजिला एक मजेदार फैंटेसी कॉमेडी है, जिसमें कार्तिक आर्यन पूरी तरह अलग और हल्का-फुल्का अंदाज में दिखाई देंगे. फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शकों में जबरदस्त क्रेज है।

*कैप्टन इंडिया :* यह फिल्म एक सच्ची रेस्क्यू मिशन से प्रेरित देशभक्ति वाली एक्शन ड्रामा है। इसमें कार्तिक एक साहसी और प्रेरणादायक भूमिका में नजर आएंगे. यह प्रोजेक्ट बड़े पर्दे पर दमदार मनोरंजन का वादा करता है।

*अनटाइटल्ड स्पोर्ट्स ड्रामा :* 'चंदू चैंपियन' की सफलता के बाद कार्तिक एक बार फिर कबीर खान के निर्देशन में एक नई स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म कर रहे हैं। फैंस उन्हें इस फिल्म में भी एक शानदार, परफॉर्मेंस वाली भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हैं।

# 69 साल पुराना गाना, उम्रकैद की सजा काट रहे कैदियों के लिए लिखा...

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में ऐसे कई गाने हैं, जो लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बने हुए हैं। कुछ गाने सिर्फ मनोरंजन नहीं करते, बल्कि पीढ़ियों तक संस्कार, प्रेरणा और भावनाओं की पहचान बन जाते हैं। ऐसा ही एक गाना करीब सात दशक पहले एक फिल्म के लिए लिखा गया था, लेकिन वक्त के साथ उसकी पहचान पूरी तरह बदल गई. आज भी देश के हजारों स्कूलों में सुबह की शुरुआत इसी गाने से होती है। करोड़ों लोगों की यादों में बस चुका यह गीत है 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम'।*

## राजस्थान के गीतकार की कलम से निकला ये गाना, लता ने बनाया अमर

साल 1957 में रिलीज हुई डायरेक्टर वी. शांताराम की क्लासिक फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' का यह गाना असल में किसी स्कूल की प्रार्थना के लिए नहीं लिखा गया था। इसे राजस्थान के बीकानेर में जन्मे मशहूर गीतकार भरत व्यास ने लिखा था। उनके शब्दों में इंसानियत, सत्य, करुणा और सही राह पर चलने का संदेश छिपा था। जब इस गीत को लता मंगेशकर और मन्ना डे की सुरीली आवाज मिली और संगीतकार वसंत देसाई ने इसे अपनी धुनों से सजाया, तो यह हमेशा के लिए अमर हो गया। धीरे-



धीरे यह गाना सिर्फ फिल्मी दुनिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि देशभर के स्कूलों की प्रार्थना सभा का अहम हिस्सा बन गया। आज भी हजारों स्कूलें में छात्र सुबह की शुरुआत 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम...' गाकर करते हैं।

### कैसे बना करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का हिस्सा

'दो आंखें बारह हाथ' हिंदी सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में गिनी जाती है। फिल्म में वी. शांताराम ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जबकि संध्या और वी. एन. व्यास जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आए थे। फिल्म की कहानी और इसके संदेश को दर्शकों ने खूब पसंद किया, लेकिन इसकी सबसे बड़ी पहचान बना यही गीत। यह गाना लिखा तो फिल्म में दिखाए गए कैदियों को सही राह दिखाने के लिए था, लेकिन इसमें छिपे संदेश को इतना पसंद किया गया कि स्कूलों की प्रार्थना का हिस्सा बन गया। इस गाने की सादगी, गहरे अर्थ और प्रेरक संदेश ने इसे भारतीय संगीत इतिहास के सबसे यादगार गीतों में शामिल कर दिया।

## इस बार हर तरह के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास मौजूद

# आज ओटीटी पर रिलीज हो रही ये नई फिल्में और वेब सीरीज

*नई दिल्ली। अगर इस वीकएंड घर बैठे एंटरटेनमेंट का पूरा डोज लेने का प्लान बना रहे हैं तो 17 जुलाई आपके लिए बेहद खास होने वाली है। इस दिन नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार और जी5 जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर एक साथ कई नई फिल्में और वेब सीरीज दस्तक देने जा रही हैं। इनमें रोमांटिक कॉलेज ड्रामा, साउथ की हाई-वोल्टेज एक्शन फिल्में, दिल छू लेने वाली सच्ची कहानियां और रोंगटे खड़े कर देने वाले थ्रिलर शामिल है। यानी कि इस बार हर तरह के दर्शकों के लिए कुछ न कुछ खास मौजूद है।*



### हार्टस्टॉपर फॉरएवर

युवाओं की पसंदीदा रोमांटिक फ्रेंचाइजी का यह आखिरी चैप्टर है, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। निक और चार्ली अब कॉलेज की नई जिंदगी की ओर बढ़ रहे हैं। दूरियां उनके रिश्ते की सबसे बड़ी परीक्षा बनती हैं, लेकिन प्यार और दोस्ती की खूबसूरत कहानी दर्शकों को भावुक कर देगी।

### 23,000 लाइव्स

सच्ची घटना पर आधारित यह जर्मन फिल्म उन लोगों की कहानी दिखाती है, जिन्होंने समुद्र में फंसे 23 हजार से ज्यादा शरणार्थियों की जान बचाने का साहसिक काम किया। इमोशनल और प्रेरक कहानी आपको अंत तक बांधे रखेगी. 23,000 लाइव्स भी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### मां इंति बंगाराम

साउथ स्टार समांथा की यह एक्शन फिल्म एक पूर्व शूटर की कहानी है, जिसे अपने परिवार की सुरक्षा के लिए फिर से हथियार उठाने पड़ते हैं। दमदार एक्शन और इमोशनल कहानी के दम पर यह फिल्म पहले ही बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर चुकी है और अब जियोहॉटस्टार के जरिए दोबारा अपना जलवा बिखरने की तैयारी कर रही है।

### ट्रांसफर त्रिमुर्तुलु

एक ईमानदार पुलिस कॉन्स्टेबल की जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह एक बड़े राजनीतिक घोटाले की सच्चाई तक पहुंचने की कोशिश करता है। जी5 पर स्ट्रीम होने जा रही फिल्म में एक्शन, राजनीति और कोर्टरूम ड्रामा का जबरदस्त कॉम्बो देखने को मिलेगा।

### द मैप ऑफ लॉन्गिंग

फेमस किताब पर आधारित यह इमोशनल सीरीज ग्रेटा नाम की लड़की की कहानी है, जो अपनी बहन की मौत के बाद गहरे दुख से जूझ रही है। यह कहानी दर्द से उबरकर जिंदगी को दोबारा अपनाने की प्रेरणा देती है। इस वेब सीरीज को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द डेविल

साउथ स्टार दर्शन थूगुदीपा की यह पॉलिटिकल थ्रिलर एक आम आदमी की कहानी है, जिसे एक नेता के लापता बेटे की जगह रहने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके बाद शुरू होता है साजिशों और सत्ता के खेल का खतरनाक सफर। आप इसे जी5 पर देख सकेंगे।

### द ईस्ट पैलेस

कोरियन ड्रामा पसंद करने वालों के लिए यह सीरीज किसी ट्रीट से कम नहीं है। शाही परिवार पर मंडरा रहे रहस्यमयी श्राप को खत्म करने के लिए एक भूत शिकारी और एक ऐसी लड़की की मदद ली जाती है जो मृत लोगों की आवाज सुन सकती है। यह के-ड्रामा भी नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

### डिजायर

मेक्सिकन सस्पेंस फिल्म डिजायर एक सफल महिला वकील की जिंदगी पर आधारित है, जिसकी दुनिया एक सीक्रेट अफेयर के बाद पूरी तरह बदल जाती है। धोखा, रहस्य और अचानक आने वाले ट्विस्ट से भरी यह कहानी थ्रिलर पसंद करने वालों के लिए शानदार ऑप्शन है। यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।